51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र    पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)    डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24    Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 18.8°c
अधिकतम 35.6 °c

**आज की अमृतवाणी**

घर से दूर रहने पर मां का महत्व समझ में आता है और पैसे कमाते समय पिता का महत्व समझ में आता है।


# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर


**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

वोट की खातिर कुछ लोग महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाने को बेताब : मायावती



सूर्योदय : 5:56, सूर्यास्त : 6:43    वर्ष : 51/ अंक : 100    बुधवार, 12 अप्रैल 2023    बैसाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी    सम्वत् 2080    मूल्य 3    पृष्ठ-4

सन्त होते नहीं हैं एक दल के... सन्त तो हर किसी के होते हैं.....

# क्या इस बार भी ब्राह्मण और पंजाबी उम्मीदवार होंगे नजरअंदाज?


अंशु पुरी | अंजू बाठला | सुधाराज शर्मा | शालिनी शर्मा | श्वेता कौशिक | ऊषा शर्मा

मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। चेयरमैनी चुनाव का बिगुल बजते ही ब्राह्मण, पंजाबी, वैश्य समाज के उम्मीदवार चेयरमैनी पद पर अपनी अपनी मजबूत दावेदारी रख रहे हैं, मगर पार्टियों का मिजाज कुछ और ही दिख रहा है। अधिकांश पार्टियां वैश्य समाज को टिकट देने को तैयार हैं, मगर इस बार ब्राह्मण व पंजाबी समाज अपनी दावेदारी को अपना हक बता रहा है, वह इसलिए कि ब्राह्मण व पंजाबी समाज का कहना है कि हर बार वैश्य समाज को ही राजनीति में तरजीह दी जाती है और ब्राह्मण व पंजाबी समाज खुलकर वैश्य समाज के साथ खुलकर खड़ा होता है, मगर इस बार वैश्य समाज ब्राह्मण व पंजाबी समाज का समर्थन करे, ऐसी उम्मीद दोनों समाज के मन में जगी हुई है। समाजवादी पार्टी की बात करें तो सपा ब्राह्मण समाज को चुनाव मैदान में उतारने के मूड़ में दिख रही है। वहीं कांग्रेस, आप व भाजपा से वैश्य समाज के उम्मीदवार उतारे जाने की सुरसुराहट साफ सुनी जा रही है। हालांकि मुजफ्फरनगर नगर पालिका का चुनाव पिछली बार की तरह कांग्रेस के साथ होने की उम्मीदें कम जताई जा रही हैं, क्योंकि पूरे जिले में सपा का जनाधार दमदार तरीके से बढ़ा है, इसलिए आशंका जताई जा रही है कि चुनाव इस बार सपा और भाजपा के बीच ही होगा। ऐसे में भाजपा के लिए भी बड़ी विड़म्बना यह सामने आ रही है कि यदि वह ब्राह्मण और पंजाबी समाज को नजरअंदाज करती है तो इस बार हर हाल में दोनों समाज भाजपा से मुखर होते दिखाई देंगे। ऐसे में भाजपा को ब्राह्मण अथवा पंजाबी समाज का ही उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारना होगा और यदि भाजपा ऐसा नहीं करती तो सम्भवतः तीसरी बार भी पार्टी को हार का दंश झेलना पड़ सकता है। पंजाबी समाज की बात करें तो पंजाबी समाज तथ्यों सहित अपनी बात को रखकर टिकट मांग रहा है। सिर्फ एक बार दो दशक पूर्व पंजाबी समाज के जगदीश भाटिया को उम्मीदवार के रूप में उतारा गया था और जगदीश भाटिया ने दमदार जीत हासिल की थी, उसके बाद से अब तक न तो पंजाबी समाज को भाजपा में कोई बड़ा पद दिया गया और न ही भाजपा का कोई उम्मीदवार चेयरमैनी अथवा विधायकी के चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया। लेकिन इस बार पंजाबी समाज के पास दमदार चेहरे कुशपुरी व अशोक बाठला के रूप में मौजूद हैं। उक्त दोनों की प्रबल दावेदारी भी है और पंजाबी समाज उम्मीद जता रहा है कि इन दोनों उम्मीदवारों में से जिसको भी पार्टी उम्मीदवार के रूप में उतारती है, वह पुरजोर तरीके से चुनाव लड़ेगा। कुशपुरी के साथ एक प्लस प्वाइंट यह भी है कि वह वैश्य और पंजाबी दोनों घरानों से अच्छे तआल्लुक रखते हैं, इसी तरह ब्राह्मण समाज भी फिर एक बार अपनी दावेदारी मजबूती से जता रहा है। ब्राह्मण समाज का कहना है कि पिछली बार उनका उम्मीदवार कुछ हजार वोटों से ही पराजित हुआ था, ऐसे में यदि दोबारा ब्राह्मण समाज को उम्मीदवार के रूप में उतारा जाता है तो इस बार जीत की सम्भावनाएं प्रबल हैं। ब्राह्मण समाज को भी सर्वसमाज का समर्थन मिलने की उम्मीदें हैं। समाज में बड़े चेहरों में अभी भी सुधाराज शर्मा पत्नी अरविन्द राज शर्मा का नाम कायम है। उसके अलावा पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष चन्द शर्मा की पुत्री श्वेता कौशिक व शालिनी शर्मा, ऊषा शर्मा पत्नी श्रीभगवान शर्मा भी अपनी अपनी दावेदारी जता रहे हैं। यूं तो ब्राह्मण समाज से विजय शुक्ला पहले से ही जिलाध्यक्ष की कुर्सी पद मौजूद हैं, ऐसे में उन्होंने अपनी दावेदारी नम्बर वन पर रखी है, मगर पार्टी उच्च पद पर आसीन पदाधिकारियों के रिश्तेदारों को कतई टिकट देने के मूड में नहीं है। आज ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बात को साफ कर दिया कि वे किसी विधायक, मंत्री या पार्टी के उच्च पदाधिकारियों के रिश्तेदारों को कोई टिकट नहीं देंगे। अब देखना यह होगा कि भाजपा वैश्य समाज पर ही अपना विश्वास व्यक्त करती है या मौका माहौल देखकर इस बार पंजाबी समाज व ब्राह्मण समाज के उम्मीदवारों पर अपना विश्वास जताती है। कांग्रेस व आप पार्टी तो फिलहाल वैश्य समाज को चुनाव मैदान में उतारने के मूड में है। आप पार्टी का जनाधार यहां ना के बराबर होने के कारण कोई असर नहीं डालने वाला मगर पिछली दो पारियों से कांग्रेस के सिम्बल पर चेयरमैनी में जीत हासिल करने वाले वैश्य समाज पर फिर एक बार कांग्रेस दांव खेलने के मूड में है और कांग्रेस इस बार भी कोई बड़ा नाम ही चुनाव मैदान में उतारेगी। इसके अलावा बसपा भी इस बार चेयरमैनी चुनाव दमदारी से लड़ने के मूड में दिख रही है और वह भी वैश्य-मुस्लिम का गठजोड़ बनाने के मूड में है और वैश्य समाज के कई दावेदार बसपा के करीबी बताए जा रहे हैं। अगर बसपा से कोई मजबूत दावेदार उतरता है तो मुकाबला चुनाव आने तक त्रिकोणीय भी हो सकता है। कुल मिलाकर देखना यह होगा कि कौन कौन सी पार्टियां वैश्य समाज पर और कौन कौन सी पार्टियां वैश्य व पंजाबी समाज पर अपना विश्वास व्यक्त करती हैं।

## तेज रफ्तार बुलेरो कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई

**▸ महिला समेत हुई तीन लोगों की दर्दनाक मौत, 2 युवक गंभीर रूप से घायल**



बुढाना, 11 अप्रैल (बु.)। मंगलवार को दिन निकलने से पूर्व ही अर्धरात्रि में लगभग डेढ़ बजे एक बुलेरो कार चालक को अचानक से नींद की झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई, जिसमें सवार एक महिला सहित 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार एक बुलेरो कार संख्या यूपी 12 बीएन 9563 जो कि जनपद हापुड़ के कस्बा पिलखुवा से तितावी थाना क्षेत्र के जलालपुर हैदरनगर गांव में जा रही थी। कार में महिला सहित पांच लोग सवार थे। जब उक्त बुलेरो कार बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित भारद्वाज हास्पिटल के समीप आई, तो अचानक से कार चालक को नींद की झपकी लग गई। तभी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई, जिसमें सवार 50 वर्षीय ब्रजेश पुत्र महेंद्र, 45 वर्षीया पूनम पत्नी प्रमोद और 35 वर्षीय विनीत पुत्र ओमपाल समस्त निवासीगण गांव जलालपुर हैदरनगर थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 30 वर्षीय अंकुर और उसका 29 वर्षीय छोटा भाई मनोज पुत्रगण जयकुमार घायल हो गये। उधर आते जाते लोगों की सूचना पर सीओ विनय गौतम, कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा और कस्बा इंचार्ज गजेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और पांचों लोगों को भारद्वाज हास्पिटल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने ब्रिजेश, पूनम और विनीत को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनुज और रिंकू को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी, तो परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। उधर पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि बुलेरो कार की पेड़ में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला आधा हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## टिकट की जंग में भी मुस्लिम वोटर पर निशाना

**▸ इस बार भाजपा भी कुछ बड़े चेहरों पर वार्डों में लगा सकती है दांव**
**▸ सपा-रालोद गठबंधन के साथ बसपा और कांग्रेस पर भी नजर**

मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। प्रत्याशियों के चयन को लेकर राजनीतिक दलों में मारामारी के बीच इस बार भी टिकट के पैमाने पर जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश में राजनीतिक पंडित जोड़-तोड़ कर रहे हैं। ऐसे में इस बार यह भी चर्चा है कि मुस्लिम बहुल इलाकों में जहां भाजपा कुछ बड़े चेहरों पर वार्डों में दांव लगा सकती है, वहीं चेयरमैन पद के लिए मुस्लिम मतदाता के पास विकल्प तो होंगे, लेकिन शायद ही कोई राजनीतिक दल मौजूदा हालात में शहर में चेयरमैन पद के लिए मुस्लिम नेता पर दांव लगाए। केवल बसपा ऐसी पार्टी है जहां से कुछ मुस्लिम नाम चेयरमैन पद पर टिकट के लिए चर्चा में हैं। सहारनपुर में बड़ा झटका देने के बाद अब मुजफ्फरनगर में बसपा क्या खेल करेगी, इस पर सबकी नजर है।



निकाय चुनाव में इस बार कुछ नए प्रयोग देखने को मिल सकते हैं। वैसे तो सभी राजनीतिक दलों व उनके नेताओं में चुनाव के लिए जाति और संप्रदाय का संतुलन बनाने को विमर्श चल रहा है, लेकिन इस बार भी लगता है कि करीब डेढ़ लाख मुस्लिम वोटर इस बार भी चेयरमैन पद के लिए निर्णायक तो होगा, लेकिन इस पद पर मुख्य राजनीतिक दल शायद ही किसी मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाएं। अभी तक कोई मुस्लिम नाम कम से कम सपा, रालोद में तो चर्चा में नहीं है। बसपा से जरूर कई दावेदार हैं। ऐसे में सबकी निगाह इस बात पर है कि क्या बसपा किसी मुस्लिम चेहरे को टिकट देकर दलित मुस्लिम कार्ड खेल सकती है? इस बार पिछले चुनावों से कुछ अलग स्थिति भाजपा में नजर आ सकती है। पिछले चुनावों में भाजपा को मुस्लिम बहुल वार्डों में टिकट मांगने वालों का टोटा रहता था। इस बार संघ और भाजपा नेताओं के पसमांदा मुस्लिम प्रेम के बीच इस बात को लेकर चर्चाएं हैं कि इन वार्डों में भाजपा के कुछ बड़े चेहरे टिकट के लिए मिल सकते हैं। ऐसा हुआ तो पहली बार भाजपा को पालिका चुनावों में इन इलाकों से कुछ बेहतर समर्थन मलि सकता है। पार्टी के नेताओं का मानना है कि प्रधानमंत्री आवास, जनधन, राशन और उज्जवला योजनाओं से लाभान्वित हो चुके लोगों से उन्हें समर्थन मिल सकता है। हालांकि चुनाव अगर सांप्रदायिक नारों पर खिंचता है तो उसकी यह कल्पना हकीकत से काफी दूर नजर आएगी। ऐसी स्थिति में मुस्लिम वोटर के लिए सपा-रालोद गठबंधन, कांग्रेस तथा बसपा जैसे राजनीतिक दल ही विकल्प होंगे। जाहिर है कि तमाम राजनीतिक दल इन विकल्पों को ध्यान में रखकर ही प्रत्याशी का चयन करेंगे। कांग्रेस का उम्मीदवार भी चुनाव में आना तय माना जा रहा है। पिछले दो चुनावों में बड़े चेहरों पर दांव लगाकर बाजी पलट चुकी कांग्रेस पर भी सबकी नजरें हैं। दूसरी और सपा के उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि राकेश शर्मा को मुजफ्फरनगर पालिका के लिए प्रभारी तो बनाया गया है, लेकिन अभी प्रत्याशी की घोषणा बाकी है। गठबंधन में आपसी और तालमेल और आजाद समाज पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर अभी चर्चा चल रही है। इसके अंतिम रूप में सामने आने के बाद सीटों का बंटवारा तय होगा। इसके बाद टिकट को लेकर कोई चर्चा होगी।

## अध्यक्ष के 36 और सभासद के लिए खरीदे 207 नामांकन

**▸ 2 पालिका व 8 निकायों के लिए रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था ▸ मुजफ्फरनगर में अध्यक्ष पद के लिए 1 महिला ने खरीदा पर्चा**

मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। यूपी समेत जनपद में नगर निकाय चुनाव की शुरू नामांकन प्रक्रिया के बीच मंगलवार को नामांकन के पहले दिन कोई भी प्रत्याशी नामांकन करने के लिए किसी भी नामांकन कक्ष में नहीं पहुंचा। हालांकि इस बीच पहले दिन मुजफ्फरनगर जनपद की दो नगर पालिका व 8 नगर पंचायतों में निकायों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू प्रक्रिया के बीच जिले में अध्यक्ष पद के लिए 36 और वार्ड सभासद के लिए 207 ने नामांकन प्रपत्र तमाम दावेदारों और उनके समर्थकों के द्वारा खरीदे गए। इस बीच नगर पालिका मुजफ्फरनगर में मेहराज ने नामांकन पत्र नगर मजिस्ट्रेट की कोर्ट में बनाए गए नामांकन कक्ष में पहुंच खरीदा। मंगलवार को यूपी में होने वाले नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण की शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के चलते कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किसी भी नामांकन केन्द्र पर कोई प्रत्याशी नामांकन करने के लिए नहीं पहुंचा। इस संबंध में जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार को नामांकन के पहले दिन किसी भी निकाय में नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से जिले में नामांकन प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के अलावा तहसील सदर के साथ खतौली, बुढ़ाना व जानसठ में प्रक्रिया शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद के आरओ सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को बनाया गया है, जहां पहले दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगरपालिका सीट पर अध्यक्ष पद के लिए एक प्रपत्र की बिक्री हुई। ऐसे में दिन भर नामांकन कक्ष सूना पड़ा रहा। वहीं सदस्य पद के लिए 94 ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। बुधवार को नामांकन फार्म की बिक्री बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा सदर तहसील में चरथावल नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 11 नामांकन फार्म खरीदे गए। सदस्य पद के लिए आठ संभावित उम्मीदवारों ने प्रपत्र खरीदे। वहीं पुरकाजी नगर पंचायत में अध्यक्ष के लिए सात और सदस्य पद के लिए भी सात ने नामांकन प्रपत्र लिए हैं। इसके अलावा जनपद की खतौली नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद पर कोई दावेदार नहीं पहुंचा, जबकि सभासद पद के लिए 30 ने नामांकन खरीदा। नगर पंचायत जानसठ में अध्यक्ष पद पर दो व सदस्य पद पर 16 ने नामांकन खरीदा, जबकि नगर पंचायत मीरापुर में अध्यक्ष पद पर तीन व सदस्य के लिए 16 ने नामांकन खरीदा। इसके अलावा नगर पंचायत भोकरहेड़ी में अध्यक्ष पद पर 4 और सभासद पद के लिए दो नामांकन खरीदे। नगर पंचायत बुढ़ाना में अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए 3-3 ने नामांकन पत्र खरीदें। शाहपुर नगर पंचायत में 5 दावेदार जहां एक ओर अध्यक्ष पद के लिए पहले दिन सामने आए, वहीं सदस्य पद के लिए सर्वाधिक 30 दावेदारों ने चुनावी समर में इस बार फिर किस्मत आजमाने की तैयारी की है। इसके अलावा नगर पंचायत सिसौली में अध्यक्ष पद के लिए जहां किसी ने आगे आने की कोशिश नहीं की, वहीं पहले दिन सदस्य पद के लिए मात्र एक ही दावेदार सामने आया। बुधवार को नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ नामांकन दाखिल किए जाने की प्रक्रिया तेज होने की संभावना बढ़ी है।



### यूपी के कोरोना कर्मियों को एक माह का सेवा विस्तार मिला

लखनऊ, 11 अप्रैल (एजेंसी)। यूपी में कोरोना के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए कोविड कर्मियों को एक माह का सेवा विस्तार दिया गया है। बताया जा रहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं जिसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने कोविड कर्मियों का सेवा विस्तार बढ़ाने का निर्णय लिया है। वहीं, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राज्य में अस्पतालों में व्यवस्थाएं चाक-चौबंध करने के निर्देश दिए हैं। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अफसरों के साथ समय-समय पर समीक्षा बैठक करते रहते हैं।

## घर के भीतर 80 अंडों सहित मिली नागिन ने फैलाया खौफ

**▸ रोनी हरजीपुर में ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ाकर मार डाला, 80 अंडों को जमीन में दबाया ▸ नागिन के काफी अंडों के खाने का लगाया जा रहा अनुमान, गांव के आबाद के मकान में आसरा लिये थे नागिन ▸ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ, पहले नागिन को मारने की बात छुपाई थी**



चरथावल, 11 अप्रैल (बु.)। रोनी हरजीपुर गांव के एक किसान के घर में 80 अंडों के साथ नागिन के नजर आने से सनसनी फैल गई। खबर फैली तो नागिन और अंडों को देखने के लिए ग्रामीणों का जमघट लग गया। पहले खबर आई कि जैसे तैसे नागिन को घर से बाहर निकालकर जंगल तक दौड़ाया गया। बाद में उसके इन अंडों को जमीन में दबा दिया गया, लेकिन देर रात इस घटना को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआा, जिसमें पता चला कि नागिन को घर में ही दौड़ा-दौड़ाकर मार डाला गया है। फिलहाल जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं।

नाग नागिन से जुड़ी ढेर सारी कहानियां तो आपने सुनी होंगी, लेकिन नागिन के अंडों पर कुंडली मारकर बैठने का ताजा मामला सामने आया है। दरअसल, चरथावल क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर में अंडों के साथ नागिन के मिलने से कई घंटे अफरा तफरी का माहौल रहा। गांव के किसान आबाद पुत्र मुकीम ने अपने घर के एक हिस्से में अनाज की टंकी और पशुओं के चारे के लिए गोले खड़े कर रखे थे। मंगलवार को तीसरे पहर परिवार के सदस्य पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने को गोले उठाने गये थे। जैसे ही गोले उठाये तो उसके पास में अंडों पर कुंडली मारे बैठी नागिन फुंकार मारते हुए अपने अक्रामक तेवर में नजर आई। अचानक सामने नागिन को देखकर आबाद के परिजनों के पैरों तले की जमीन खिसक गई। दहशत में उन्होंने सांप-सांप का शोर मचाते हुए बाहर की तरफ दौड़ लगा दी। यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। जिसने भी सुना वो नागिन और अंडों को देखने के लिए आबाद के घर की ओर दौड़ पड़ा। कुछ ही देर में वहां पर ग्रामीणों का जमघट लग गया। भाकियू नेता और जिला पंचायत सदस्य पति विकास शर्मा भी आबाद के घर पहुंच गये। पहले वन विभाग के अधिकारियों को बुलाने की बात होती रही। हो-हल्ला मचा तो हरकत में आई नागिन अंडों को छोड़कर आगे की तरफ बढ़ने लगी। जिससे वहां जमा लोगों में भगदड़ सी मच गयी। पहले यही बताया गया कि जैसे तैसे नागिन को आबाद के घर से बाहर निकाला गया और जंगल तक दौड़ा दिया गया। नागिन के जाने के बाद सतर्कता बरतते हुए इन अंडों को उठाकर ले जाया गया। भाकियू नेता विकास शर्मा ने बताया कि नागिन के इन अंडों को ग्रामीणों ने जमीन के नीचे दबा दिया। नागिन और अंडों का यह मामला हर किसी की जुबान पर है। इसको लेकर देर रात एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें पता चल रहा है कि नागिन को तो आबाद के घर में ही दौड़ाकर मार डाला गया। नागिन की मौत के बाद उसके शव को प्लास्टिक की एक बाल्टी में उसके दिये गये अंडों के पास ही रखा गया है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद सनसनी फैली है। हर कोई इसको लेकर नई नई कहानियां सुनाने में जुटा हुआ है। कोई नागिन के वापस आने की कहानी बताकर माहौल को और दहशत नुमा बना रहा है तो कोई नागिन के बदले की पुरानी कहानियां सुनाकर इस मामले को रोचक बनाने में जुटा हुआ है, वहीं आबाद का परिवार भी घर में नागिन मिलने के बाद से दहशत में ही नजर आ रहा है। हालांकि बुजुर्गों का कहना है कि नागिन एक साथ सैंकड़ों अंडे देती है और इनमें से अधिकांश अंडों को वो खुद ही खा जाती है। वो ही बच्चे बाहर आ पाते हैं, जो उसकी कुंडली से निकल जाते हैं। नागिन को भले ही मौके पर ही मार दिया गया हो, लेकिन इस घटना को लेकर गांव में बनी यह दहशत तो अभी आने वाले कई दिनों तक रोनी हरजीपुर के आबाद और उसके पडौसियों को परेशान करने वाली है।

## पारा 35.6, निकलने लगा पसीना



मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। मौसम में एकदम गर्माहट बढ़ने के बाद पारा 35.6 डिग्री पहुंचने से आज पसीने छूट गए। अभी तक ठंड का मजा ले रहे लोगों को गर्मी की इस अचानक आमद ने हिला दिया है। आगे पारा और चढ़ने का अंदेशा जताया जा रहा है। नगर में तापमान ने एकदम छलांग लगा दी है। आज नगर में तापमान अधिकतम 35.6 और न्यूनतम 18.8डिग्री दर्ज किया गया। यह इस मौसम का सबसे अधिक तापमान है। अचानक आई इस गर्मी से अब पंखे के साथ कूलर और एसी के भाव भी बढ़ रहे हैं। इस गर्माहट के बाद मौसम विभाग ने जल्द किसी बड़ी राहत की संभावना से इंकार किया है। मौसम विभाग के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख ने कम से कम एक सप्ताह के लिए शुष्क मौसम की भविष्यवाणी की है। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में अधिकतम तापमान 15-16 अप्रैल तक 38 डिग्री सेल्सियस के निशान तक चले जाने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री का इजाफा होगा। आने वाले 4 दिनों के दौरान लू चलने की भी कोई संभावना नहीं है। विभाग ने बताया कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में 10 से 13 अप्रैल के बीच 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। एनसीआर के लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। यहां एक सप्ताह के लिए शुष्क मौसम की भविष्यवाणी की गई है। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में अधिकतम तापमान 15-16 अप्रैल तक 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि, दिल्ली के कुछ स्थानों पर दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की भी आशंका है। उत्तराखंड में भी आने वाले कुछ दिनों में गर्मी कहर बरपाएगी।

**रमज़ान-2023**

बीसवां रोजा-12-04-2023

| सुन्नी | इफ़तार | शिया |
|---|---|---|
| 6:45 | | 6:57 |

इक्कीसवां रोजा-13-04-2023

| सुन्नी | सहरी | शिया |
|---|---|---|
| 4:31 | | 4:27 |

### निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आयोग पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में मांगा जवाब

लखनऊ। निकाय चुनाव को लेकर कानूनी लड़ाई जारी है। इसके चलते ही इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में मंगलवार को एक नई याचिका दाखिल कर पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को चुनौती दी गई। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने इस याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी। याचिका में ओबीसी की परिभाषा बदले बिना सौंपी गई आयोग की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए सरकार की तरफ से 30 मार्च को जारी सीटों के आरक्षण की व्यवस्था को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। याचिकाकर्ता नईम अहमद ने यह याचिका शाहजहाँपुर की कटरा नगर पंचायत के आरक्षण को लेकर दाखिल की है। याची का कहना था कि कानूनी प्रावधानों का समुचित पालन न होने से, पहले यह सीट सामान्य थी जिसे अब आरक्षित कर दिया गया। याची के अधिवक्ता चन्द्र भूषण पांडेय ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने ट्रिपल टेस्ट के लिए कानून बनाकर यूपी राज्य समर्पित पिछड़ावर्ग आयोग का गठन नहीं किया। इसकी जगह महज एक शासनादेश जारी कर आयोग बना दिया। ऐसे में आयोग की रिपोर्ट का कोई वैधानिक महत्व नहीं है। साथ ही सवाल उठाया कि पहले, सरकार ने ओबीसी को परिभाषित किया था, लेकिन, आयोग ने ट्रिपल टेस्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग को नए सिरे से परिभाषित नहीं किया। जबकि ओबीसी को फिर से परिभाषित किया जाना चाहिए था। ऐसे में आयोग की रिपोर्ट कानून की मंशा के अनुरूप नहीं दिखती। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार समेत अन्य पक्षकारों से चार सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इसके बाद 2 सप्ताह में याची इसका प्रति उत्तर पेश कर सकेगा।

## बदमाशों ने की लूटपाट, लाखों का सामान लेकर फरार

**▸ चार हथियारबंद बदमाशों ने महिलाओं को बंधक बनाकर की वारदात**

बाबरी, 11 अप्रैल (बु.)। क्षेत्र के गांव खानपुर में बीती रात हथियारबंद बदमाशों ने पुलिसकर्मी के मकान में घुसकर परिजनों को हथियारों के बल पर बंधक बनाते हुए सोने-चांदी के जेवरातों, नकदी सहित लाखों रुपये का सामान लूट लिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने किसी तरह अपने आपको बंधनमुक्त कराते हुए शोर मचाया, जिससे आसपास लोग मौके पर पहुंचे तथा परिवार को बंधनमुक्त कराकर पुलिस को मामले की जानकारी दी। लूट की वारदात होने से पुलिस विभाग में भी हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। दूसरी ओर पुलिस लूट के मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बाबरी क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी अमर पुत्र शिवराज अपने परिजनों के साथ रहते हैं। अमर पुलिस विभाग में इन दिनों बरेली में तैनात हैं, जबकि उनके पिता शिवराज का निधन हो चुका है। बीती रात घर में अमर की मां रामवीरी पत्नी शिवराज, अंशु पत्नी अमर तथा एक वर्षीय बच्ची आयरा मौजूद थी। देर रात करीब चार अज्ञात बदमाश घर में घुस आए तथा घर में सो रही महिलाओं को हथियारों के बल पर आतंकित करते हुए उनसे अलमारी की चाभी मांगी, इसके बाद बदमाशों ने अलमारी में रखे करीब चार लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात जिनमें हाथ के कड़े, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, चांदी के पाजेब, नकदी व अन्य कीमती सामान लूट लिया तथा महिलाओं को बंधक बनाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद महिलाओं ने शोर मचाया, जिससे गांव में जाग हो गयी। आसपास रहने वाले लोग तुरंत मौके की और दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश गायब हो चुके थे। पड़ौसियों ने मामले की जानकारी अमर व बाबरी पुलिस को दी, जिससे पुलिस विभाग में भी हड़कंप मच गया। बाबरी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे तथा बदमाशों के संबंध में जानकारी ली। महिलाओं के अनुसार बदमाश घर से करीब दस लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात, नकदी व अन्य सामान लूटकर ले गए। दूसरी ओर पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। बताया जाता है कि अमर का एक भाई भी है, जो अक्सर बाहर ही रहता है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गयी थी।

# एमडीए के पांच जेई डीएम ने लगाए ठिकाने

**▸ शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व कॉलोनियों और हाईवे पर अवैध होटलों की शिकायतों पर कार्रवाई ▸ पांच अवर अभियंता को शहरी क्षेत्र से हटाया, अब केवल एक जेई पर रहेगा अवैध निर्माण का जिम्मा**

मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों पर कुंडली मारे बैठे और उगाही के लिए लगातार बदनाम मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की गर्दन पर डीएम ने बतौर एमडीए उपाध्यक्ष फंदा कस दिया है। एमडीए में लगातार अवैध निर्माण को संरक्षण तथा ऐसा निर्माण करने वालों से अवैध उगाही कर संरक्षण दिए जाने की गाज एमडीए के अवर अभियंताओं पर पड़ी है। जिलाधिकारी ने मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के पांच अवर अभियंताओं को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद उनसे अवैध निर्माण की जांच का काम छीन लिया है। इसके अलावा उनके कार्यक्षेत्र बदल दिए गए हैं। शहर में अब अवैध निर्माण की जांच की जिम्मेदारी केवल एक अवर अभियंता पर रहेगी। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण में अवैध वसूली के आरोप नए नहीं हैं। एमडीए में फर्जी नोटिस बाजी कर लोगों को धमकाए जाने और इसके बाद जेब गर्म होने पर खामोशी के किस्से लंबे समय से चलते रहे हैं। पिछले दिनों शहर के बैंकट हॉल्स को लेकर एमडीए की कार्रवाई को लेकर तमाम ऐसे किस्से सामने आए थे। इसमें बड़े पैमाने पर लेन देन के आरोप भी लगाए गए थे। इसके अलावा शहर समेत जिले भर में चल रहे अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए रोज पनप रही अवैध कॉलोनियों को लेकर भी एमडीए के अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक मौन साधे बैठे रहते हैं। यदाकदा बुलडोजर चलाकर दहशत पैदा करने और इसके बाद खामोश होकर बैठ जाने की विकास प्राधिकरण की कार्यशैली भी सवालिया निशान खड़े करती है। पिछले कुछ समय से शहर के भीतर और बाहर हो रहे अवैध निर्माण और विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों को लेकर एमडीए अध्यक्ष मंडलायुक्त तथा जिलाधिकारी को लगातार शिकायत की जा रही थी। हाल में नई मंडी क्षेत्र में बाईपास और मेरठ रोड पर एमडीए के जिम्मेदार अवर अभियंताओं के संरक्षण में बनी अवैध कॉलोनियों व अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण की शिकायतों और शहर के पास एक होटल में देह व्यापार का मामला सामने आने के बाद शहर में एमडीए के अवर अभियंताओं की मिलीभगत से अवैध निर्माण की शिकायत की जा रही थीं। वैसे तो पूरे जिले में ऐसी अवैध कॉलोनियां और अवैध निर्माण हैं, लेकिन शहर के पास अवैध कॉलोनियां और निर्माण के लिए सबसे ज्यादा काम नई मंडी क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे और सिविल लाइन क्षेत्र के थे। इन इलाकों में बने होटलों को भी बिना नक्शा पास कराए धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। हाल में एक शिकायत के आधार पर एसडीएम सदर परमानंद झा एवं सीओ सिटी ने बागोवाली के पास मां की रसोई नामक होटल में छापा मारकर वहां चल रहे देह व्यापार के धंधे का पर्दाफाश किया था। इस मामले को लेकर जांच में पता चला कि उक्त होटल पूरी तरह अवैध है। इसके लिए ना तो एमडीए से कोई नक्शा पास है और ना ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से कोई अनुमति ली गई है। जांच में यह भी पता चला कि एमडीए के अधिकारी और अवर अभियंता या तो लापरवाह हैं और या

शेष खबर - पृष्ठ-4 पर

### सपा नेता सुमित खेड़ा की बहन की इंस्टाग्राम पर बनाई गयी फेक आईडी

मुजफ्फरनगर। सपा नेता सुमित खेड़ा की बहन के नाम पर इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाये जाने का मामला सामने आया है। सपा नेता सुमित खेड़ा ने बताया कि उनकी बहन एक पब्लिक स्कूल में संस्कृत की अध्यापिका है। उन्होंने कभी सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं किया है, ना ही उन्होंने कभी फेसबुक पर कोई आईडी बनाई, ना ही इंस्टाग्राम पर। लगभग 2 दिन से उन्हें लोगों द्वारा फोन पर बताया जा रहा है कि उनके नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनी है तथा उससे लोगों को गलत संदेश भेजे जा रहे हैं। सपा नेता ने बताया कि इसकी सूचना सिविल लाईन थाने में दी गई है। सपा नेता ने बताया कि पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही फर्जी आईडी बनाने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। बता दें कि सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील मैसेज भेजने के मामले रोजमर्रा सामने आ रहे हैं। कई आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के बाद भी फर्जी आईडी बनाने के गोरखधंधे पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।


**रस्म तेरहवीं**



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य **श्रीमती सरोज रानी सरीन** (पत्नी स्व. श्री जगदीश सिंह जी सरीन) का **स्वर्गवास दिनांक 8 अप्रैल 2023, दिन शनिवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। **रस्म तेरहवीं दिनांक 12 अप्रैल 2023, दिन बुधवार** को **दोपहर 2 बजे स्थान सनातन धर्म सभा भवन,** निकट झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

**-: शोकाकुल परिवार :-**

*शंकर स्वरूप बंसल,*
हरिमोहन बंसल, कुंवर जी अरोरा,
विजय ढींगरा, राकेश सरीन (दामाद)
अभिनव स्वरूप बंसल, मनन बंसल,
शान्तम ढींगरा (धेवते)

*अशोक सरीन*
अजय सरीन, नीरज सरीन,
संजय सरीन (भतीजे)
आशीष सरीन (पौत्र)
शौर्य स्वरूप बंसल,
ओमांश सरीन (प्रपौत्र)

# अचानक रिटर्निंग ऑफीसरों के समक्ष पहुंचे डीएम मल्लप्पा

## आरओ से पूछा कितने पर्चे बिके? बेरिकेडिंग में खामी देकर जताई नाराजगी, कहा-सुरक्षा से न हो कोई सम-गौता





फोटो बुलेटिन — कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग ऑफीसर से नामांकन को लेकर जानकारी लेते डीएम अरविन्द बंगारी साथ हैं एडीएम प्रशासन व अन्य अधिकारी, बेरिकेडिंग करने में जुटे कर्मी।



**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की नामांकन प्रक्रिया के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए रिटर्निंग ऑफीसरों के पास पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान बेकेडिंग नाकाफी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और सुरक्षा से कोई भी सम-गौता नहीं करने के निर्देश दिये। इसके बाद कचहरी में बेरिकेडिंग को और टाइट करने का काम भी तेजी से शुरू करा दिया गया था, जहां से आवागमन होने की आशंका थी वहां पर और बांस-बल्लियां लगाकर इस आवागमन को बाधित करने का पुख्ता काम कर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की कार्यालय के दोनों ओर 100-100 मीटर की दूरी पर एंट्री पॉइंट बनाकर बैरेकेडिंग कराना सुनिश्चित करने के साथ ही प्रत्याशियों के लिए प्रवेश व निकास के लिए अलग अलग द्वार बनाए जाएं। निर्वाचन सामग्री को बॉक्स में लॉक करके या फिर अलमारियों में लॉक करके सुरक्षित रखने को भी कहा गया। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल तक नामांकन पत्रों की खरीद अपराहन तीन बजे तक की जा सकेगी और इसी अवधि तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। 20 अप्रैल को नाम वापसी, 21 अप्रैल को पूर्वाहन प्रतीक चिन्ह आवन्टित किये जाने के साथ ही नामांकन फाइनल हो जायेंगे इसके बाद 4 मई को 195 वार्डो के 697 मतदेय स्थलों पर जिले के दस निकायों के चेयरमैन और वार्ड सदस्य पदों के प्रत्याशियों के लिए मतदाताओं द्वारा मतदान होगा। 13 मई को मतगणना के बाद परिणाम सामने होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए की सभी तैयारियां/कार्य समय से पूरे करने सुनिश्चित किए जाए। सभी प्रत्याशी आचार संहिता पालन करना सुनिश्चित करे। आदर्श आचार संहिता का उलंघन कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उलंघन करने वालों पर लोक प्रतिनिधित्व एक्ट के तहत कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों को कहा गया कि वो लगातार फील्ड में रहें और पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का भी निरीक्षण किया जाए। कंट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था व रवानगी काउंटर आदि की व्यवस्था ससमय पूरी कर ली जाए। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## निकाय चुनावः जिले भर में 500 लोग मुचलका पाबंद

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजीव सुमन ने थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में रहने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए थे। पुलिस ने चलाए अभियान में 2323 को लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर 500 लोगों को मुचलका पाबंद किया हैं। जनपद की सीमा पर शराब की तस्करी व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग शुरू की हैं। नाबालिग पर कार्यवाही न करने को लेकर भी कहा गया है। नगरीय परिक्षेत्र में 855 और देहात परिक्षेत्र में 1468 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बअताया कि पूरे जिले में चलाये जा रहे अभियान में अभी तक 2323 लोगों की निगरानी तय की जा चुकी है, इसके साथ ही यह निरोधात्मक कार्रवाई अभी जारी रहेगी। लाइसेंसी शस्त्र भी जमा कराएं जाएंगे। इसके साथ ही सोशल मीडिया की भी पुलिस ने निगरानी शुरू कर दी है। एसएसपी ने निर्देश दिये हैं कि अफवाह फैलाने वालों और भ्रामक खबर चलाने पर सख्त कार्यवाही की जाये।

# जिले में छह स्वास्थ्य इकाइयों पर हुई मॉक ड्रिल, आपदा से निपटने को परखी तैयारी

## कोरोना गाइडलाइन की न करें अनदेखी, करें पालन : डॉ. अनिल

**कोरोना के प्रति अलर्ट रहने व जांच का दायरा बढ़ाने के दिए गए निर्देश**



**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** कोरोना से बचाव के लिए एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात बढ़ाने के साथ ही मॉक ड्रिल के बूते कर्मचारियों में नए जोश को भरने की कवायद तेज कर दी है। मंगलवार को इन्हीं व्यवस्थाओं को सच जानने पहुंचे सहारनपुर मंडल संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल कुमार की उपस्थिति में जिले के 6 स्वास्थ्य केंद्रों पर मॉक ड्रिल की। उन्होंने कोरोना से बचाव को स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए इंतजामों को परखा और कोरोना के प्रति अलर्ट रहने और जांच का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए।

संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं का जिले में पहुंच निरीक्षण करने के साथ ही अधीनस्थों को स्पष्ट कहा कि कि कोरोना की संभावित लहर को देखते हुए कोई भी परेशान न हो। जिले में केवल छह कोरोना पॉजिटिव हैं, वह भी जल्द स्वस्थ होकर हम सब के बीच पहुंचेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि जनता केवल कोरोना की गाइडलाइन का पालन करते रहें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर मंगलवार को जिले की 6 स्वास्थ्य इकाइयों पर कोरोना से बचाव की तैयारियों का परखने के लिए मॉक ड्रिल की। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन का प्लांट सुचारू है, वहीं दवाएं भी भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने अपील की कि जरुरत पर घर से बाहर निकले तो अनिवार्य रूप से अपने मुंह को मास्क, गमछा, रुमाल, से ढककर निकलें ताकि कोरोना से बचाव हो सके। सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार ने चिकित्सकों को जिले में कोरोना जांच का दायरा बढ़ाने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर विशेष रूप से सतर्कता बरते जाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय, बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना, भोपा, सिसौली और फलौदा में कोरोना संक्रमण से बचाव की तैयारियों के लिए मॉक ड्रिल की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम व 688 निगरानी समिति को जिलेभर में अलर्ट कर दिया है। जिले में चार ऑक्सीजन प्लांट हैं, जो क्रियाशील हैं। स्वास्थ्य विभाग के पास 983 ऑक्सीजन सिलेंडर, 45 वेंटिलेटर उपलब्ध हैं। वहीं 500 बेड रिजर्व कर दिए हैं, जिला महिला अस्पताल, जिला अस्पताल व सीएचसी पर 30-30 बेड आरक्षित किए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर प्राइवेट अस्पतालों की मदद ली जाएगी। जिले में किसी तरह का कोई भी खतरा नहीं है। वर्तमान में जिले में केवल छह कोरोना पॉजिटिव है।

## अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल्स 14 से स्पोर्ट्स अकादमी में होगा

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद के अंडर 19 आयु वर्ग का ट्रायल्स अब आगामी 14 अप्रैल को फिर से आयोजित होंगे। मंगलवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर ने बताया कि उत्तर प्रदेश की अंडर 19 आयु वर्ग क्रिकेट टीम के चयन के लिए यह ट्रायल मैग स्पोर्ट्स अकादमी में सुबह 8 बजे से शुरू होगा। एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर के अनुसार कुल इस साल 2023-24 के लिए इस आयु वर्ग में जनपद से 78 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराए हैं और जो भी खिलाड़ी पूर्व में पंजीकरण से वंचित रह गए हो वें भी ट्रायल से पूर्व अपना पंजीकरण करा कर भाग ले सकते है।

# बेटे को जहर देकर हत्या करने का आरोप

## -पीड़ित माता-पिता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार और अफसरों को शिकायती पत्र भेजकर एक दम्पत्ति को किया आरोपित, वरुण केस में मांगा इंसाफ

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** गांधी नगर के वरूण गोयल मौत के मामले में परिजनों ने बेटे को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग समेत अफसरों को भेजे गये शिकायती पत्र में एक दम्पत्ति को आरोपित किया है। उनका कहना है कि शिकायत करने के बाद भी पुलिस पूरे मामले में कुछ भी करने को तैयार नहीं है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी सुभाषचंद्र ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, मुख्यमंत्री, अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ आदि को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि वह कन्फैक्शनरी की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। बताया कि उसका बेटा वरूण गोयल (30) 11 मार्च को रोजमर्रा की तरह अपनी मोबाइल की दुकान पर गया था। दुकान पर कुछ देर बैठने के बाद वह अपनी दादी को यह कहकर गया कि शांतिनगर में एक दम्पत्ति ने बुलाया है, वह उनसे मिलकर जल्द वापस आ जायेगा। जब वरूण काफी देर तक नहीं आया, तो उसकी मां शिमला ने फोन किया। आरोप है कि वरूण ने फोन पर बताया कि दम्पत्ति ने उसे जहर दे दिया है। कुछ देर बाद वो बाईक पर आया और लगातार उल्टी करने लगा। हालत बिगड़ने पर उसे प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां से सरकारी अस्पताल भेजा गया। हालत नाजुक होने के कारण अस्पताल से वरूण को मेरठ रैफर कर दिया गया, इसी बीच उसे एक निजि चिकित्सालय भी ले जाया गया, लेकिन वहां उसे भर्ती करने से मना कर दिया गया। बाद में उसे मुजफ्फरनगर मैडिकल कॉलेज बेगराजपुर ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने वरूण के शव का पोस्टमार्टम भी कराया। अगले दिन अन्तिम संस्कार के बाद इस मामले में दम्पत्ति को आरोपित करते हुए नई मण्डी थाने और एसएसपी के नाम प्रार्थना पत्र दिया गया है। गम्भीर आरोप होने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही करना भी मुनासिब नहीं रखा। दम्पत्ति पहले काफी समय से उनसे रंजिश रखते हैं। उसी की खुन्नस निकालने के लिए उसके जवान बेटे को मारा गया है। आरोप लगाया कि विरोध जताने पर आरोपी उल्टा उन्हें आतंकित कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने के कारण मजबूरी में वो उच्च अधिकारियों को इस मामले की शिकायत कर रहे हैं। उनका कहना था कि दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाये, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके।

## रूटिंग तकनीक विषय पर वर्कशाप में विद्यार्थियों ने सीखा नया ज्ञान

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के सभागार में सनातन धर्म डिग्री कॉलेज के साथ हुए एमओयू के तहत रूटिंग तकनीक इन डब्ल्यूएसएन विषय पर वर्कशाप हुई। प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने बताया कि कम्प्यूटर विज्ञान में रूटिंग तकनीक एक प्रक्रिया है, जिसमें एक या एक से अधिक नेटवर्क में से सबसे बेहतर पाथ या रूट्स को सलेक्ट किया जाता है। रूटिंग को राऊटर कहते है। प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में आरजु बालियान, अभिषेक, अंकित, भव्या जैन, दीपा, गरिमा गर्ग, ईशा अरोरा, ज्योति, निधि, पल्लवी, पारस, राशी गर्ग, काजल, गुंजन, शालू व सोनम पाल आदि ने अपना योगदान दिया।चांदना दीक्षित, रोबिन गर्ग, मौ. अन्जर, श्वेता, रोबिन मलिक, राहुल शर्मा, प्रियंका शर्मा, रितु, अनुज गोयल, अवनी सिंघल, शशांक भारद्वाज, विनिता चौधरी, अमित, सतीश, उमेश मलिक एवं धीरज गिरधर व गौरव यादव ने सहयोग दिया।

# विद्यार्थियों ने खोजा मशरूम खेती का सरल उपाय

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** श्री राम कॉलेज के कृषि विभाग द्वारा स्नातक कृषि के छात्रों ने मिलकर मशरूम की खेती करने का एक सरल उपाय निकला। मशरूम की खेती करने के लिए श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, कृषि विभाग के विभाध्यक्ष डॉ. नईम एवं डॉ. सूरज सहायक अध्यापक के द्वारा छात्र एवं छात्राओ का मार्गदर्शन किया।



निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि हमें अपनी आय को बढ़ाने के लिए खेती को नवीन रूप देने के लिए रूफ खेती, गमला खेती, मछली पालन, मुर्गी पालन, पशु पालन एवं मशरूम उत्पादन पर जोर देने की आवश्यकता है। हमें बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए अनाज, सब्जी एवं फलो की पैदावार बढ़ाने के लिए नई तकनीक अपनानी होंगी अन्यथा देश को एक संकट का सामना करना पद सकता है। कृषि विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नईम ने बताया की हमारे देश में प्रति व्यक्ति की दर से सब्जी का उत्पादन काफी कम है तथा हमें सब्जी उत्पादन में बढ़ोतरी करने के लिए मशरूम की खेती पर ध्यान देना चाहिए। मशरूम खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसमें प्रोटीन तथा उच्च गुणवत्ता के सूक्ष्म तत्व, विटामिन्स एवं एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में मिलते है। बाजार में मशरूम का मूल्य लगभग 150 रूपए प्रति किलो है तथा एक बेग से 2-3 किलो मशरूम पैदा की जा सकती है। मशरूम को सुखाकर औषधियां बनाई जाती हैं। कृषि विज्ञान विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. सूरज कुमार ने भी भी खेती के बारे में विस्तार से बताया। मशरूम की खेती प्रस्तुतीकरण के समय विभाग के डॉ. अंजलि जाखड़, डॉ. विक्रांत, डॉ. जीतेन्द्र, डॉ. अर्चना नेगी, आबिद, डॉ. राजकुमार, सचिन, मुकुल मोतला, आदि उपस्थित रहे।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-रसकट ढैया-1100-1135, चाकू 1290-1485, लड्डू 1440-1470, खुरपापाड़ 1280-1300, शक्कर मसाला 1480-1506। आमद-7,000 मन।

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 12 अप्रैल, 2023**

**मेष-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, परोपकार की भावना जागृत, सुसमाचार मिलने से प्रसन्नता।

**वृषभ-** घरेलू समस्याओं से चिन्ता, दूसरों की भूल से स्वयं को हानि, परिवार में आपसी मतभेद, व्यापारिक पक्ष में नवीन जोखिम हानिकारक, लापरवाही से नुकसान।

**मिथुन-** नवीन योजना का श्रीगणेश, आ्थक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, आपसी सम्बन्धों में संतोष-जनक सुधार, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास।

**कर्क-** धनलाभ का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों में कमी, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल।

**सिंह-** सामयिक कार्यों के बनने से प्रसन्नता, नौकरी में पदोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, धन संचय की ओर प्रवृत्ति।

**कन्या-** कार्यसिद्धि में कठिनाइयां, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, नवीन समस्याएं उपस्थित, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, राजकीय उलझनें, जीवन साथी का असहयोग, यात्रा विफल।

**तुला-** आ्थक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, पारिवारिक उत्तर-दायित्व की पूत, नवीन समाचार की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** योजना की शुरुआत हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, समस्याओं में कमी, वाद-विवाद समापन, शिक्षा-प्रतियोगिता में सफलता।

**धनु-** ग्रहस्थिति अनुकूल, आ्थक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, तालमेल से कार्य सार्थक, विवादास्पद मसला हल, निराशा का समापन।

**मकर-** व्यवसाय में असफलता, स्वास्थ्य विपरीत, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, मान-सम्मान में कमी का अहसास।

**कुम्भ-** परिस्थितियां सुधार पर, चिरवांछित कार्यों में उन्नति, मानसम्मान में वृद्धि, निजी जिन्दगी में सुख-सुविधा के साधन सुलभ।

**मीन-** आरोग्य सुख, इच्छित घटनाएँ घटित, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# चुनाव देख शस्त्र जमा कराने को सख्त हुए शाहपुर थानाध्यक्ष

## अभियान चलाकर पुलिस ने अभी तक जमा कराये 80 शस्त्र लाइसेंस, शरारती तत्वों पर कड़ी नजर

**शाहपुर, 11 अप्रैल (बु.)।** निकाय चुनाव को लेकर शाहपुर में पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है, हालांकि अभी तक आरक्षण व चेयरमैनी के चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है, बावजूद इसके आलाअधिकारी अभी से अपना होमवर्क करने में जुटे हैं। इसी के सापेक्ष में थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रशासन चुनाव संबंधी कार्यों को अमलीजामा पहनाने में जुटा है।

थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बुलेटिन को बताया कि शाहपुर कस्बे में अब तक चुनाव में संदिग्ध गतिविधि वाले 1179 लोगों के विरुद्ध 107/16 की कार्यवाही करते हुए मुचलका पाबंद कर दिया गया है। इनमें से 670 लोगों को नोटिस तामील कराए जा चुके हैं, शेष प्रक्रिया मद में लाई जा रही है। थाना प्रभारी के अनुसार कस्बे में कुल 80 लाइसेंसी शस्त्रधारकों से अपने शस्त्र तत्काल थाने में जमा कराने हेतु कहा गया है कि समय से लाइसेंसी शस्त्र यदि जमा नहीं कराए गए, तो सम्बंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राधेश्याम यादव ने बताया कि अब तक 30 लाइसेंसी शस्त्र थाने पर जमा हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन नगर के शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज एवं मौहल्ला सैनियान स्थित प्राइमरी पाठशाला पर बने मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है, इसके साथ-साथ मतदान के दिन अराजकता फैलाने वाले लोगों को चिह्नित करने का भी काम शुरू कर दिया गया है। ऐसे व्यक्तियों को पुलिस प्रशासन लाल कार्ड जारी करेगा। किसी भी प्रकार की चुनाव में गड़बड़ी होने पर इनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि खतौली विधानसभा के उपचुनाव के मद्देनजर जनपद में चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। इसी के परिपेक्ष में कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज सत्यवीर अत्री एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार मिश्रा के साथ नगर के मुख्य मार्गो सार्वजनिक संपत्तियों से पोस्टर बैनर एवं बड़े-बड़े फ्लेक्स हटवाकर कब्जे में ले लिए गए हैं। नगर के अन्य स्थानों पर लगी प्रचार सामग्री को भी शीघ्र हटवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस चुनाव के संबंध में अपना पूरा होमवर्क करने में जुटे हैं। किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। थाना प्रभारी के अनुसार शीघ्र ही नगर के संभ्रांत लोगों की बैठक भी संबंध में आहूत की जाएगी। कुल मिलाकर एक ओर जहां संभावित दावेदार गली-गली घूमकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं और आज दिन भीर ये दावेदार अपना पर्चा भरने को दस्तावेज दुरुस्त करने नजर आये, वहीं नगर पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह हरकत में आ चुका है।

# कुए पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**तहसील से पहुंची राजस्व टीम के सामने कहासुनी के बाद भिड़े दोनों पक्ष**



**भोपा, 11 अप्रैल (बु.)।** गांव विलायतनगर में कुएं की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में गाली गलौंच के बाद मारपीट हो गई, जिसमें दोनों ओर से लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने से आठ लोग घायल हो गए।

घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से चार की हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। गांव में तनाव की आशंका को देखते हुए पुलिसबल को तैनात किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर घटना की जाँच शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव विलायतनगर निवासी नीशू कुमार ने बीते शनिवार को समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि गांव के कुछ लोगों ने सरकारी भूमि पर बने कुएं पर अवैध कब्जा कर लिया है। मंगलवार को तहसील से राजस्व निरीक्षक व लेखपाल गांव में जांच पड़ताल करने पहुंचे, तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी, जिसमें लाठी डंडे, धारदार हथियार चलने व पथराव होने से एक पक्ष से ओमकारी, किरणो, राजकुमारी, रीनू, नीशू, रोहित तथा दूसरे पक्ष से सचिन व पिंकी घायल हो गए। घायलों को सीएचसी भोपा पर लाया गया, जहां से गम्भीर हालत के चलते मालती, ओमकारी, रीनू व निशु को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। इंस्पेक्टर रामबीर सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है, कार्रवाई की जाएगी।

# स्वर्ण पदक जीतकर बुढ़ाना में लौटी वूशु टीम

**बुढाना, 11 अप्रैल (बु.)।** कस्बे की वूशु टीम ने स्वर्ण पदक जीता है। इस संबंध में जिला वुशु सचिव अमीर आलम सैफी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बीती 07 अप्रैल से बीती 10 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित की गई 22वीं सीनियर वुशू प्रतियोगिता में 25 जनपदों के लगभग 354 खिलाड़ियों ने प्रति भाग किया। जिसमे मुजफ्फरनगर जनपद के पांच खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर जनपद मुजफ्फरनगर का नाम रोशन किया है। पुरुष वर्ग में 80 किलो भार वर्ग में खिलाड़ी मोहित कुमार ने कांस्य पदक, 85 किलोग्राम भार वर्ग में खिलाड़ी अंशुमन ने स्वर्ण पदक, 90 किलो ग्राम भार वर्ग में खिलाड़ी शाहवेज ने रजत पदक प्राप्त किया है। इसी क्रम में महिला वर्ग में 45 किलोग्राम भार वर्ग में खिलाड़ी काजल ने कांस्य पदक, 52 किलो ग्राम भार वर्ग में सोनी ने रजत पदक प्राप्त कर मुजफ्फरनगर जनपद का नाम रोशन किया है। सभी विजेता खिलाड़ियों के बुढ़ाना वुशू एकेडमी में आने पर मंगलवार की सुबह जिला वुशू संघ के समस्त पदाधिकारियों ने स्वागत किया व शुभकामनाएं दी। जिला सचिव अमीर आलम सैफी ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल से आगामी 12 मई तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राज्य स्तर की टीम को मजबूत बनाने के लिए सरकार की ओर से ट्रेनिंग कैंप का आयोजन होगा। जिसमें प्रत्येक जिले के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी 16 दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और कैंप से ही सीधा उत्तर प्रदेश राज्य की वुशू टीम को 15 मई से 20 मई तक महाराष्ट्र के पूना शहर में वुशू की राष्ट्रीय प्रतिगोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रवाना कर दिया जाएगा।

**विद्युत लाइन सेगेंहू की फसल जली-भोपा, 11 अप्रैल (बु.)।** खेत के बीच से गुजर रही हाइटेंशन लाईन के जर्जर तारों में हुए फॉल्ट के कारण गिरी चिंगारी से गेहूं की तैयार फसल जल कर स्वाह हो गयी। पीड़ित किसान ने तहरीर देकर मुआवजे की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव जौली निवासी प्रवीण ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने गाँव के ही हैदर अब्बास से आठ बीघा भूमि को ठेके पर लिया हुआ है, जिसमें उसने गेहूँ की फसल को बोया हुआ था। फसल पककर तैयार खड़ी थी कि मंगलवार की सुबह 11 बजे खेत के बीच से गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाईन में फॉल्ट हो गया, जिससे गिरी चिंगारी ने गेहूँ की फसल में आग लगा दी। सारी फसल जलकर स्वाह हो गयी, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने मुआवजे की गुहार प्रशासन से लगाई है।

## संजय मिश्रा के नेतृत्व में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** नवीन मंडी में अफसरों की बढ़ी सक्रियता के बीच वहां पर कारोबार कर रहे व्यापारियों में विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। बीते शनिवार को हुए विरोध के बाद मंगलवार को भी नवीन मंडी व्यापार संगठन से जुड़े तमाम व्यापारियों ने आगामी नगर निकाय चुनाव की शुरू तैयारियों के बीच प्रशासन की एकतरफा होने वाली प्रक्रिया में खामियां होने के आरोप लगाते हुए मतगणना के लिए नई मंडी स्थल दुकानों के अधिग्रहण प्रक्रिया का विरोध कर व्यवस्था में सुधार के साथ ही रोस्टर के अनुरूप दुकानों के अधिग्रहण किए जाने की मांग की। नगर निकाय चुनाव की शुरू तैयारियों को बीच मंगलवार को नवीन मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की कि नवीन मंडी स्थल पर हर चुनाव में उनकी ही दुकानों के अधिग्रहण किए जाने का विरोध किया और इसे सरासर नाइंसाफी करार दिया। डीएम से मिले इन व्यापारियों ने यह आरोप लगाया कि जबकि नवीन मंडी स्थल पर दोनों तरफ एक ही तरह का नक्शा बना है, उसके बावजूद भी कुछ दुकानों का अधिग्रहण किया जाता है। उक्त व्यापारियों ने आलाधिकारियों से मांग की कि ऐसे में चुनाव प्रक्रिया हर बार बदल कर रोटेशन पॉलिसी की जाए। संजय मिश्रा, श्याम सिंह सैनी, राजेन्द्र सिंघल, भारत, अनिल, सतेन्द्र मान आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने किया नवीन मंडी दुकान अधिग्रहण का विरोध

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल व मंत्री श्यामसिंह सैनी ने नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटे प्रशासन के अलावा जिला चुनाव अधिकारी, मुख्य चुनाव आयुक्त व राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर वर्षो से चली आ रही दुकानों को अधिग्रहण किए जाने का विरोध किया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि चुनावों में होते रहे अधिग्रहण से मंदी के इस दौर में व्यापारी परेशान है। वहीं प्रशासन के इस फैसले से गुड़, अनाज व किरयाना मंडी के तमाम व्यापारियों के साथ किसानों एवं मजदूरों को प्रायः इससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वर्तमान में नवीन मंडी में गुड़-शक्कर, गेहूं व सरसों की आवक एवं किसानों के गेहूं खरीदने के 5 विभागों के क्रय-केन्द्र शुरू हैं। ऐसे में नगर पालिका व 2024 में लोकसभा चुनाव होने के कारण महीनों तक नवीन मंडी में कारोबार बाधित हो जायेगा, जिससे केन्द्र व प्रदेश सरकार को भी राजस्व की हानि होगी। नवीन मंडी स्थल में पेटी रखने व मतगणना होने से महीनों तक मंडी का व्यापार प्रभावित रहता है। ऐसे में दुकानों, बरामदों, फड़ो और नीलामी चबूतरों के अधिग्रहण से व्यापारियों का गुड़-शक्कर व खाद्यान्न के सीजन के 'पीक डेज' में व्यापार चौपट हो जाता हैं। ऐसे में व्यापारियों को अपनी दुकान छोड़कर अन्यत्र गद्दी लगाकर बैठना पड़ता हैं। किसानों को उनकी जिंसों का भुगतान सड़क पर बैठकर करना पड़ता है। वहीं व्यापारी को अधिग्रहित दुकान का किराया, बिजली, टेलीफोन बिलों के भुगतान करना होता है तथा दुकान के स्टॉक व सामान शिफ्ट करने में मजदूरी देनी पड़ती है। सुझाव दिया गया है कि ऐसे में आयोग अपनी जमीन खरीद कर चुनाव से जुड़े सभी कार्य वहीं पर करें। पूर्व में मतगणना व मतदान पेटी नगर में राजकीय इंटर कॉलेज परिसर व सोल्जर बोर्ड में रखी जाती थी। इसके अलावा मुजफ्फरनगर समेत अनेक जिलों में पहले चरण में चुनाव होता है, वहां दो-तीन महीनों के लिए व्यापार बाधित हो ही जाता है। व्यापारियों ने सरकारी स्कूल, सोल्जर्स बोर्ड व सेन्ट्रल वेयर हाऊस के बड़े-बड़े गोदामों के साथ शहर में उपलब्ध डिग्री व इंटर कॉलेजों में भी मतगणना का सुझाव दिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **प्रियांक अरोरा** से बदलकर **प्रियांक कुमार अरोरा** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे **प्रियांक कुमार अरोरा** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**प्रियांक कुमार अरोरा**
पुत्र श्री प्रमोद कुमार अरोरा
निवासी : 117/1, गली नं. 13, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

**भारतीय इण्टर कॉलेज, नंगले मंदौड़, मुजफ्फरनगर**

**नीलामी सूचना**

1. भारतीय इण्टर कालेज, नंगले मंदौड, मुजफ्फरनगर की कृषि भूमि आगामी तीन वर्षो (2023–24 से 2025–26) हेतु कृषि कार्यो के लिए ठेके पर दिया जाना प्रस्तावित है। नीलामी प्रक्रिया दिनांक 16.04.2023 को प्रातः 10:00 बजे प्रारम्भ होगी।

2. विद्यालय/संस्था की कृषि भूमि पर खडे एवं वन विभाग की स्वीकृति प्राप्त जामुन के छः पेड़ व यूकेलिप्टिस के सात पेडों को कटवाया जाना प्रस्तावित है। पेड़ों की नीलामी दिनांक 29.04.2023 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य पूर्ण की जायेगी।

उपरोक्त नीलामी भारतीय इण्टर कॉलेज, नंगले मंदौड़ मुजफ्फरनगर के परिसर में उल्लिखित दिनांकों में निर्धारित समय/स्थान पर उप समिति द्वारा की जायेगी। नीलामी हेतु नियम एवं शर्ते विद्यालय नोटिस बोर्ड व कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। उपरोक्त की नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

नरेन्द्र सिंह मलिक
सदस्य उप समिति/प्रबन्धक (भा.इं.का. नंगले मंदौड़, मुजफ्फरनगर)

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com





सम्पादक की क़लम से

# भारत और पाक के मुस्लिम

भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुसलमान हैं और वे पाकिस्तानी मुसलमानों से ज्यादा खुशहाल भी हैं। इस सच का चर्चा भारत, पाकिस्तान और दूसरे देशों में अक्सर होता रहता है। पाकिस्तान जा कर भारत लौटने वाले भारतीय मुसलमान वहां की बदहाल जिन्दगी देखकर यही कहते हैं कि "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा"। भारत के मुसलमान, पाकिस्तान के मुसलमानों से ज्यादा तरक्की कर रहे हैं। यह बात वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कही है। अमेरिका में भारत के बारे में कथित नकारात्मक 'धारणा' के बारे में किए गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने बड़े प्रभावी ढंग से भारत का सच बताया। जिन रिपोर्ट्स में भारत के माहौल की आलोचना की गयी है, उन्होंने उन रिपोर्ट्स बनाने वालों को आईना दिखाया है। सीतारमण,अमेरिका के पीटरसन इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में सवालों के जवाब दे रही थीं। उनसे पूछा गया कि क्या भारत में बन रही धारणा से देश में आने वाले निवेश या पूंजी प्रवाह प्रभावित हो रहा है? इसके जवाब में उन्होंने कहा, मैं समझती हूं कि ये जवाब तो निवेशकों के पास है। वो निवेशक जो भारत आ रहे हैं। ये निवेशक भारत आते रहे हैं। भारत में निवेश हो इसमें हमारी गहरी दिलचस्पी है। जो लोग भारत में निवेश करना चाहते हैं, वो आएं और देखें कि यहां क्या हो रहा है। उन्होंने कुछ भ्रामक रिपोर्ट्स पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन्होंने कभी भारत आकर जमीनी हकीकत नहीं देखी और रिपोर्ट बना दी है, उनकी बजाय वे बनाई धारणा को सुनने के बजाय निवेश के इच्छुक लोगों को भारत आकर देखना चाहिए कि हकीकत क्या है। सीतारमण से पूछा गया कि पश्चिमी मीडिया में विपक्षी सांसदों की संसद सदस्यता खत्म करने और मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा की खबरें आ रही हैं। इसमें कितनी सच्चाई है? भारत को लेकर राजनीति के मुद्दे पर अगर अमेरिका रहा, तो कम से कम यूरोप में नजरिया पूरी तरह अलग है। पश्चिमी जगत के मीडिया में विपक्षी दलों के सांसदों का अपना दर्जा खोने, भारत में मुसलमान अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा भड़काने पर लिखा जा रहा है। प्रश्नकर्ता ने कहा कि मैं आपको इन्हें खारिज करने, इन पर टिप्पणी करने के लिए नहीं कहने वाला, लेकिन मैं आपसे ये जरूर पूछना चाहूंगा कि क्या ये नजरिए किसी भी तरीके से भारत में निवेश को लेकर या कैपिटल फ्लो पर कोई असर डाल रहे हैं या फिर ये कोई मुद्दा ही नहीं है। इस पर निर्मला सीतारमण ने कहा, मुझे लगता है कि इन झूठ का जवाब वो निवेशक हैं, जो भारत आकर पैसा लगा रहे हैं और वो लगातार आ रहे हैं। निवेश की मेजबानी करने को लेकर दिलचस्प पक्ष होने के नाते मैं सिर्फ ये कहना चाहूंगी कि आप खुद भारत आकर देखें कि वहां क्या हो रहा है। जो लोग भारत में आए तक नहीं, उनके बनाए नजरिए और रिपोर्ट पर भरोसा करने के बजाय खुद आकर देखें। निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी बसती है और ये आबादी बढ़ रही है। अगर ये नजरिया सही है या फिर ये हकीकत है कि उनकी ज़िंदगी मुश्किल है या फिर स्टेट की मदद से मुश्किल बनाई जा रही है जैसा कि ज्यादातर लेखों में लिखा होता तो क्या ऐसा होता, क्या भारत में मुसलमानों की आबादी साल 1947 की तुलना में बढ़ रही होती। उन्होंने कहा, मैं एक देश का नाम लेना चाहती हूं ताकि अंतर को और स्पष्ट किया जा सके। पाकिस्तान को आजादी भी उसी समय हुई थी, भारत का विभाजन हुआ और पाकिस्तान बना। पाकिस्तान ने खुद को इस्लामिक देश के रूप में घोषित किया, लेकिन ये भी कहा गया कि अल्पसंख्यकों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी। वहां हर अल्पसंख्यक समुदाय की संख्या घट रही है या मैं ज्यादा सख्त शब्दों में कहूं तो उनका वजूद मिटाया जा रहा है। यहां तक कि मुसलमानों के कुछ समुदाय भी गायब हो रहे हैं। मुहाजिर, शिया और हर उस समूह के खिलाफ हिंसा जारी है, जिसे मुख्यधारा में नहीं गिना जाता, भारत में मुसलमानों के हर संप्रदाय मिल जाएंगे। वो कारोबार कर रहे हैं, उनके बच्चों को शिक्षा मिल रही है, सरकार की तरफ से फेलोशिप मिल रही है। सीतारमण ने कहा, मुझे कोई एक राज्य बता दीजिए और मैं ये बताना चाहूंगी कि कानून व्यवस्था राज्य का विषय है। भारत सरकार का नहीं। हर प्रांत में चुनी हुई सरकार है, जो उस राज्य की कानून व्यवस्था का ज़िम्मा संभालती है। इसलिए ये कहना कि मुसलमानों को प्रभावित करने वाली हिंसा पूरे देश में हो रही है, तो ये अपने आप में झूठा बयान है, ऐसा हो ही नहीं सकता। हर प्रांत और वहां की पुलिस अलग है। उस पुलिस का ज़िम्मा उस प्रांत की चुनी हुई सरकार उठाती है। इसलिए आपको ये साफ हो जाएगा कि रिपोर्ट में भारत की कानून-व्यवस्था की कोई जानकारी नहीं होती। वो कहते है कि सब कुछ भारत सरकार का ज़िम्मा है। तो मैं पूछती हूं कि साल 2014 और आज के बीच क्या किसी भी समुदाय विशेष की आबादी घटी है, क्या किसी समुदाय विशेष में मौतों का आंकड़ा सबसे अलग और बढ़ा है? नहीं ऐसा नहीं हुआ। दूसरी तरफ पाकिस्तान बुरी हालत में है पाकिस्तान दो दशक में सबसे खराब स्थिति को देख रहा है। पाकिस्तान की बर्बादी के पीछे कई कारण एक साथ हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जनता के पास खाने को नहीं है। पाकिस्तान इस समय आर्थिक संकट, राजनीतिक अराजकता और उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों में आतंकी हमलों की बढ़ती संख्या का सामना कर रहा है। खराब हालात के कारण पाकिस्तान के संसाधन खत्म होते जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्थिक गिरावट का सीधा असर जनता पर पड़ा है। पाकिस्तान की स्थिति पहले ही खराब थी, लेकिन बाढ़ ने उसे बड़ा झटका दिया। पाकिस्तान को कृषि, खाद्य, पशुधन और मत्स्य पालन समेत अन्य क्षेत्रों से 3.7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। वहीं लॉन्ग टर्म में पाकिस्तान का नुकसान बढ़कर 9.2 अरब डॉलर है। पाकिस्तान में अगर महंगाई दर की बात करें तो दिसंबर 2022 में देश में मुद्रास्फीति 24.5 फीसदी थी, जो पिछले साल की तुलना में दोगुनी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में खाद्य संकट की सबसे बड़ी मार आम लोगों पर पड़ी है। पाकिस्तान में आटे का दाम हद से ज्यादा बढ़ चुका है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा, सिंध और बलूचिस्तान राज्य के कई इलाकों में आटे के लिए भगदड़ भी देखी गई।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"जिन्दगी" "जातिवाद" "दल" "बर्बाद"

जिन्दगी भर उनकी बातों में रहा बस जातिवाद,
आज भी आकंठ डूबे हैं वो जातिवाद में।
दूसरों को जातिवादी कह रहे हैं रातदिन,
जिनका दल बर्बाद है,बर्बाद जातिवाद में।

## गुलाम नबी आजाद की आत्मकथा पर बरपा हंगामा

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद की आत्मकथा आजाद पर खूब हंगामा मचा हुआ है। इसमें उन्होंने गांधी परिवार के सदस्यों के साथ अपने संबंधों और सियासत से जुड़े कई सनसनीखेज दावे किए हैं। वहीं कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने नई दिल्ली में राहुल गांधी के साथ मुलाकात के बारे में आजाद के दावे को कल्पना करार दिया।

## 'वैवाहिक विवाद सबसे कड़वे मामले', हाईकोर्ट ने महिला से बेटे को थाईलैंड से भारत लाने का दिया निर्देश

**मुंबई, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक महिला को अपने पंद्रह साल के बेटे के साथ थाईलैंड से भारत आने का निर्देश दिया, ताकि वह अपने पिता और भाई-बहनों से मिल सके। अदालत ने कहा कि वैवाहिक विवादों में बच्चों को चल संपत्ति की तरह माना जाता है। यह देश में सबसे कड़वे मामले हैं। न्यायमूर्ति आर डी धानुका और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने कहा कि इस तरह के विवाद हमारे देश में सबसे कड़वी लड़ाई वाले मुकदमे हैं। खंडपीठ ने कहा कि एक बच्चे का कल्याण उस पर माता-पिता के अधिकारों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। अदालत एक व्यक्ति की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उसने थाईलैंड में अपनी मां के साथ रहने वाले बेटे से मिलने की मांग की थी।

# मुजफ्फरनगर होम्योपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मनाया विश्व होम्योपैथी दिवस

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बुस.)।** मुजफ्फरनगर स्थानीय लिंक रोड आदर्श कॉलोनी स्थित एक पार्टी हॉल में मुजफ्फरनगर होम्योपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन के द्वारा विश्व होम्योपैथिक दिवस को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार, सचिव डॉ. प्रमोद कश्यप एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अमित ने विशिष्ट अतिथि जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. अक्षय कात्यान के साथ महात्मा हनीमैन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके एवं साथ केक काटकर होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हनीमैन का 268वां जन्मदिवस मनाया। डॉ. अक्षय कात्यायन ने होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रचार एवं प्रसार पर अपने विचार रखें। तत्पश्चात डॉ. विवेक एवं उनकी टीम ने उनको गेस्ट ऑफ ऑनर का सम्मान दिया। वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राधेश्याम बेदी ने डॉ. हनीमैन के जीवन वृतांत तथा असाध्य रोगों में होम्योपैथिक की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। एसोसिएशन के द्वारा इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी क्रम में डॉ. सिद्धांत भारद्वाज को मोस्ट प्रोमाइजिंग यंग होम्योपैथिक डॉ. का अवार्ड तथा महिला चिकित्सक डॉ. सुषमा कश्यप को मोस्ट प्रोमाइजिंग फीमेल होम्योपैथिक डॉक्टर के अवार्ड से नवाजा गया। एसोसिएशन परिवार के बच्चों तथा सदस्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर डॉक्टर सीके शर्मा, डॉ. पी. कुंवर, कार्यक्रम संयोजक डॉ. हिमांशु चौधरी तथा डॉ. विभांशु त्यागी, डॉ. मंजीत राज डॉ. अमित सैनी, डॉ. डी.के. शर्मा, डॉ. संजीव कुमार आदि चिकित्सक सपरिवार उपस्थित रहे। सभी चिकित्सकों को एसोसिएशन की तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विवेक कुमार तथा डॉ. मंजीत राज ने किया।




# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती को ओबीसी मोर्चा ने बड़े ही धूमधाम से मनाया

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बुस.)।** आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती को ओबीसी मोर्चा मुजफ्फरनगर ने बड़े ही धूमधाम से मनाया, जिसमें मुख्य अतिथि सत्यपाल सिंह सैनी एमएलसी, विजय शुक्ला जिलाध्यक्ष, रुपेंद्र सैनी क्षेत्रीय महामंत्री, सुंदर पाल जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, विक्रम सैनी पूर्व विधायक, हरीश अहलावत क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी, रेनू गर्ग ओबीसी मोर्चा प्रभारी, मिथिलेश पाल पूर्व विधायक, जगदीश पांचाल पिछड़ा आयोग सदस्य कविता सैनी जिला महिला मोर्चा मनोज पांचाल, जयकरण गुर्जर जिला मंत्री, अमित बंजारा जिला उपाध्यक्ष एवम विजय वर्मा जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा आदि लोगों द्वारा इस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया, जिसमें सम्मानित मुख्य अतिथि ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन के बारे में विस्तार से बताया और लोगों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। साथ ही भूपेंद्र सैनी क्षेत्रीय महामंत्री ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष के प्रत्येक जिले में ओबीसी मोर्चा द्वारा कराया जा रहा है और उन्होंने भी ज्योतिबाफुले के बारे में विस्तार से सबको बताया। इसके पश्चात ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम ने संघ एवं भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया और उन सब लोगों से आशीर्वाद लेकर 2024 में भारतीय जनता पार्टी को बहुत अधिक बहुमत से जिताने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में सचिन प्रजापति, विजय प्रजापति, रविंद्र पाल, तरुण पाल, कपिल पाल, सतीश, विराट आदि लोग उपस्थित थे।



# माउंट लिट्रा जी स्कूल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बुस.)।** लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में स्थापना दिवस अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके व सुंदरकांड के पाठ द्वारा किया गया। अपने अब तक के सफर में माउंट लिट्रा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहा है। माउंट लिट्रा जी स्कूल का उद्देश्य यही है कि छात्रों को उत्तम से उत्तम शिक्षा प्रदान कराई जाए, ताकि हर क्षेत्र में वे बेहतर प्रदर्शन कर वें अपना परचम लहरा सकें और स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर सकें। यहाँ पर छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ अनेक ऐसी गतिविधियाँ भी कराई जाती हैं, जिससे छात्रों में नैतिक व चारित्रिक मूल्यों का भी विकास होता है। इस विद्यालय में छात्रों की रुचि व योग्यता को पहचानकर उनका सही मागदर्शन किया जाता है। विद्यालय प्रबंधन व सभी शिक्षकों का निरंतर यही प्रयास रहता है कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करके समाज के लिए सभ्य और सुसंस्कृत नागरिकों के निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय को अत्यंत मनमोहक ढंग से सुसज्जित किया गया और छात्रों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों द्वारा फैंसी ड्रेस, टेलेंट शो आदि अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को एक सूत्र में बँधकर इस विद्यालय को सफलता की ऊँचाइयों तक लेकर जाना है और छात्रों के बहुमुखी विकास के निरंतर प्रयत्नशील रहना है। प्रधानाचार्य डॉ. पीयूष गुप्ता ने कहा कि हम सभी को स्थापना दिवस पर यह प्रण लेना चाहिए कि पूर्व वर्षों की भाँति हम आगे भी निरंतर प्रयासरत रहेंगे, ताकि अपने छात्रों के लिए एक स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर सकें।




# डीएवी कॉलेज के बीएफए विभाग द्वारा द आर्टिस्टिक मेटाडाटा प्रदर्शनी का आयोजन हुआ

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बुस.)।** डीएवी कॉलेज, कैम्पस-2, डॉ. मधु सिंघल एवं आचार्य सीताराम चतुर्वेदी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन में तीन दिवसीय वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक द आर्टिस्टिक मेटाडाटा रहा। प्रदर्शनी का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, सचिव डॉ. एम.के. बंसल, प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार, सदस्य डॉ. गिरीश मोहन सिंघल, स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम प्रभारी राहुल शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रदर्शनी में विभाग के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी कला एवं प्रतिभा के माध्यम से विभिन्न विषयों का मनमोहक प्रदर्शन किया। जैसे प्रकृति चित्रण, व्यक्ति चित्रण, मण्डेला आर्ट, लिप्पन आर्ट, फोटोग्राफी, मिनिएचर, कैरिकेचर, टाइपोग्राफी, कैलिग्राफी, वेस्ट मैटिरियल-मास्टर आर्ट, डिजीटल आर्ट, पोस्टर डिजाइन एवं फैशन डिजाइनिंग में सुंदर पोशाकों व परिधानों इत्यादि। अपनी कलाकृतियों से आकर्षित करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विद्यार्थियों को प्रबंध समिति सचिव डॉ. एम.के. बंसल द्वारा पुरस्कार स्वरूप धनराशि देने की घोषणा की गयी एवं 14 मार्च 2023 को आयोजित फोटोग्राफी प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा कनीज हुसैन, रीमा शर्मा, कु. सैय्यद फरहीन, इंदु काकरान, विभागीय छात्र-छात्राओं जिनमें गौरव, प्रखर, श्रुति, वृन्दा, शशिकांत, शोएब, युवराज, पायल, इशिता, दिव्या, तनु, तान्या, आविष्कार, सीमान्त, सलोनी, तानिया, सोनिका, अरिबा, द्राक्षी, आकाश, आफिया, आकाश कुमार, अतुल, शिवा, कीर्ति, मोनिका, सऊद, मुबस्सिर, मनीष, श्वेता, नंदिनी, अंकुर आदि का सहयोग रहा।




दुकानें बिकाऊ हैं




मुजफ्फरनगर मेन मार्किट भगत सिंह रोड, पीर के पीछे अलग-अलग साइज में दुकानें बिकाऊ हैं।

-: सम्पर्क करें :-
अशोक कुमार
9760002439

# हाशमपुर में विकास कार्यों की जांच करने पहुंची टीम



## -प्रशासनिक टीम ने गहनता से जांच करने के बाद रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी

**रामराज, 11 अप्रैल (बु.)।** गांव हाशमपुर में ग्रामीणों की शिकायत पर गांव के प्रधान द्वारा कराये गये विकास कार्यों की जांच करने पहुंची प्रशासनिक टीम ने गहनता से जांच करने के बाद रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। रामराज थानाक्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी ग्रामीण संजीव कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल तथा लाल खान पुत्र निसार अहमद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर एक शिकायती-पत्र भेजकर ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत की थी, जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए गाँव मे कराए गए विकास कार्यों की जांच करने के लिए मुजफ्फरनगर प्रशासन द्वारा एक जांच टीम गठित कराई थी। मंगलवार को प्रशासन द्वारा गठित की गई अधिकारियों की एक टीम गांव हाशमपुर में पहुंची तथा यहा ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की गहनता से जांच की। ग्रामीण संजीव कुमार द्वारा कुल 5 बिंदुओं पर ग्राम प्रधान की शिकायत की गई थी कि ग्राम प्रधान द्वारा पैसे की बंदरबांट की गई है तथा गाँव में बनाये गए सोख पिट के गड्ढों में भी मानक के अनुसार सामग्री नहीं डाली गई है तथा पुलिया निर्माण में भी मानकों के रूप कार्य नहीं किया गया है। गांव मे काफी समय से ग्रामसचिवालय भी बंद है। वहीं जाँच के दौरान प्रशासनिक टीम को विकास कार्यों में कुछ खामियां मिली हैं, जिस पर प्रशासनिक टीम ने जांच के बाद रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। वहीं उक्त मामले में ग्राम प्रधान रवि कुमार का कहना है कि उन्होंने पूरी गुणवत्ता के साथ विकास कार्य कराए हैं तथा उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

## पूर्व चेयरमैन हाजी वाजिद हसन नहीं लड़ेंगे निकाय चुनाव

**कांधला, 11 अप्रैल (बु.)।** निवर्तमान पालिकाध्यक्ष के चुनाव ना लड़ने की घोषणा नगर व क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। कुछ लोग इसे लोगों की सहानुभूति लेने तो कुछ आगामी भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई रणनीति मान रहे हैं। मंगलवार नगर के मौहल्ला शेखजादगान स्थित निवर्तमान पालिकाध्यक्ष हाजी वाजिद हसन उर्फ बबला के निवासी स्थान पर उनके समर्थकों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की जानी थी। बैठक के दौरान हाजी वाजिद हसन के द्वारा अपने समर्थकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा 10 वर्षों तक नगर की जनता के बीच रहकर कार्य किया गया है। नगर की जनता ने दो बार उनको मान सम्मान दिया है, इस दौरान उन्होंने सभी के बीच रहकर कार्य करने का प्रयास किया है।

इस बार के होने वाले पालिकाध्यक्ष के चुनाव में वह या उनके परिवार का कोई भी सदस्य निकाय चुनाव में भाग नही लेगें, जिस पर उनके समर्थकों ने उनके फैसले को वापस लेने का दबाब बनाया, तो उन्होंने अपना फैसला बदलने से मना कर दिया, तथा कहा कि जो लोग दस साल तक उनके साथ खड़े थे, अगर उनमें से कोई भी उम्मीदवार आता है तो वह उसका समर्थन करेंगें। जिसके बाद बैठक में तय किया गया कि 14 अप्रैल को नगर के सभी लोगों की एक बैठक का आयोजन किया जायेगा, जिसमें नगर की जनता जो भी फैसला करेगी, वह उसे स्वीकार करेगें, तथा किसे अपना समर्थन देना है यह तय करेगें।



# घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप लगा ग्रामीणों का हंगामा

## -विद्यालय परिसर में हो रहा कक्षाओं व कार्यालय का निर्माण

**भोपा, 11 अप्रैल (बु.)।** थानाक्षेत्र के विद्यालयों में पुरानी इमारत की नीलामी के बाद विद्यालय परिसर में नई इमारत का निर्माण किया जा रहा है। मंगलवार को ग्रामीणों ने ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री की जांच कराने की मांग की है। भोपा थानाक्षेत्र के कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को खतरे में देख पुरानी जर्जर इमारत की नीलामी की गई थी। पुरानी इमारत का मलबा उठाने के बाद उस स्थान पर नई इमारतों का निर्माण कार्य चल रहा है। थानाक्षेत्र के गांव मलपुरा में भी विद्यालय परिसर में नई कक्षा कार्यालय व बरामदे के निर्माण का कार्य चल रहा है। मंगलवार को ग्राम प्रधान महताब के साथ विद्यालय परिसर में पहुंचे ग्रामीण राहुल त्यागी, प्रदीप, रोबिन, अनुज, बृजेश, हरपाल व सादाब आदि ने निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान निर्माण कार्य मे लगे राजमिस्त्री व मजदूर मौके से भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने कहा कि निर्माण कार्य मे सीमेंट व रेत का इस्तेमाल मानक के अनुरूप नहीं किया गया है, जिससे भविष्य में इमारत गिरने का खतरा बना हुआ है, जिससे विद्यालय में पढ़ने के लिए आने वाले उनके बच्चो की जिंदगी खतरे में पड़ जाएगी। राहुल त्यागी ने कहा कि व भाजपा का कार्यकर्ता है, किसी भी सूरत में सरकार की बदनामी नही होने दी जाएगी। ग्रामीणों ने मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

ज़मीन बिकाऊ
30 बीघा
• ग्राम शेरनगर
• बस्ती से लगी हुई
• देहरादून हाईवे से सीधा सरकारी रास्ता
999 000 47 19

# नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर शाहपुर पुलिस ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

## -कुल 9 मतदान केंद्रों के 22 बूथों पर परखी गई सुरक्षा

**शाहपुर, 11 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में आगामी नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस ने कस्बे के मतदान केंद्रों व आसपास के मकानों की ड्रोन से निगरानी कराकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जाएगा। मकानों के आसपास की छतों पर पत्थर आदि मिलने पर अनावश्यक सामग्री मिलने पर मकान मालिक के विरोध की कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के 6 उम्मीदवार चुनाव लड़ने के लिए हामी भर चुके हैं, जबकि 13 वार्ड सभासद पदों पर 47 उम्मीदवारों ने लड़ने की इच्छा जताई है शेष पर्चा भरने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। कस्बे में आगामी नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक कराने को लेकर स्थानीय पुलिस पूरी तरह सतर्क है। थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने कस्बे में 9 मतदान केंद्रों पर 22 बूथों पर होने वाले चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए ड्रोन से निगरानी कराई । इसके अलावा थानाध्यक्ष ने मतदान केंद्रों के आसपास स्थित आवासों की भी निगरानी कराई तथा देखा कि किसी मकान की छत पर ईंट, पत्थर के अलावा कोई अनावश्यक सामग्री तो नहीं है। शाहपुर में कुल 9 मतदान केंद्र बनाए गए हैं इनमें 22 मतदान स्थल हैं। मतदान केंद्रों में हरिजन चौपाल, आदर्श प्राथमिक विद्यालय, शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 व 2, दिगंबर जैन स्कूल, इस्लामिया मदरसा, कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बुलेटिन को बताया कि भ्रामक सूचना देने वालों के अलावा अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी । थाना प्रभारी ने बताया कि कस्बे के संवेदनशील मतदान केंद्रों के आसपास ड्रोन कैमरा से आसपास के मकानों की छतों की निगरानी की जाएगी। यदि छतों पर अनावश्यक सामग्री ईंट पत्थर आदि मिले तो मकान मालिक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने नगर के मुख्य मार्गों एवं बाजारों में भ्रमणकर व्यापारियों की समस्याएं सुनी, जबकि संदिग्ध लोगों की जांच कराई फुट पेट्रोलिंग के दौरान भारी पुलिसबल मौजूद रहा थाना प्रभारी ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से भी नगर के हाईटेक कैमरों के संबंध में जानकारी हासिल की। इसके अलावा थाना प्रभारी ने बताया कि अब तक कुल 6 अध्यक्ष पद हेतु संभावित उम्मीदवार मैदान में आए हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। इसके अलावा 13 वार्ड में कुल 47 सभासद पद के उम्मीदवार अब तक चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक बताए गए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बेसहारा गौवंश की मौत, ग्रामीणों में रोष

**भोपा, 11 अप्रैल (बु.)।** निराश्रित गौवंश की दुर्दशा लगातार जारी है। चारे की तलाश में खेत में घुसे गौवंश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना को लेकर हड़कम्प मच गया है। वहीं बीमार गौवंश का उपचार किया गया है। मृतक दो गौवंश का ग्रामीणों द्वारा पोस्टमार्टम कराकर अन्तिम संस्कार किया गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव बेलडा में स्थित राजवाहे के किनारे मंगलवार सुबह के समय चार गौवंश के गम्भीर हालत में पड़े होने की सूचना से हड़कम्प मच गया। कुछ ही देर में ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुँचे सीकरी चौकी प्रभारी विजयपाल सिंह व ग्राम सचिव उपेन्द्र कुमार आदि ने पशु चिकित्सक को सूचना दी। मौके पर पहुँचे पशु चिकित्सक डॉ. हेमेन्द्र कुमार ने दो बछड़ों को मृत घोषित कर दिया तथा एक गाय व एक बछड़े को गौशाला ले जाकर उपचार किया गया। डॉ. हेमेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या गौवंश की मौत जहरीला चारा खाने से प्रतीत हो रही है, जिसे गौवंशों ने चर लिया होगा और उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों का कहना है कि गाँव में इधर-उधर आवारा गौवंश भोजन की तलाश में भटक रहा है। आश्रय न मिलने से निराश्रित गौवंश खेतों में जाकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीणों ने निराश्रित गौवंश को गौशाला में आश्रय प्रदान करने की मांग प्रशासन से की है।

## सिपाही पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**शाहपुर, 11 अप्रैल (बु.)।** थाना क्षेत्र की हरसोली चौकी पर तैनात कॉन्स्टेबल के साथ मेले में ग्राम प्रधान के छोटे भाई ने गाली गलौंच करते हुए जानलेवा हमला किया, जिससे सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। शाहपुर थाने की हरसौली चौकी पर कॉन्स्टेबल नरेंद्र पंवार तैनात है। वह रात्रि के समय हरसौली में लग रहे मेले में घूम रहा था, तो हरसोली के ग्राम प्रधान तेजवीर का छोटा भाई पिंटू मेले में आकर कॉन्स्टेबल के साथ गाली गलौंच करने लगा, जिसका विरोध करने पर ग्राम प्रधान के भाई पिंटू पुत्र ब्रह्मसिंह ने कॉन्स्टेबल पर ईंटों से फरार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कॉन्स्टेबल घायल होकर गिर पड़ा। सूचना पर चौकी से पहुंची पुलिस ने घायल सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया। सिपाही की तहरीर पर हरसोली के ग्राम प्रधान के छोटे भाई पिंटू पुत्र ब्रह्मसिंह के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पहले दिन शाहपुर से अध्यक्ष पद के पांच एवं सदस्यों के 28 पर्चे खरीदे गए

**शाहपुर, 11 अप्रैल (बु.)।** स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होते ही तहसील में नामांकन पत्रों की खरीद का काम शुरू हो गया। हालांकि पहले दिन कोई पर्चा जमा नहीं करा गया, किंतु चेयरमैन पद हेतु कुल पांच एवं 13 वार्ड सदस्यों के लिए अब तक 28 नामांकन पत्र खरीदे गए। प्रत्याशियों के समर्थकों में इस दौरान काफी गहमागहमी रही। शाहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्रम विभाग के डिप्टी कमिश्नर राज बहादुर यादव ने बुलेटिन संवाददाता को बताया निर्धारित समय तक मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए 6 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र खरीदे। अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख उम्मीदवार हाजी अकरम कुरैशी एवं उनकी पत्नी मुस्कान कुरेशी, अब्बास उर्फ कल्लू सैफी आदि ने नामांकन पत्र खरीदे, हालांकि आज कोई पर्चा जमा नहीं कराया गया। जिला अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। शाहपुर के सभासद पद के रिटर्निंग ऑफिसर संजय रस्तोगी (डायट के जिला प्रशिक्षण अधिकारी) के समक्ष नगर पंचायत के 13 वार्ड सदस्य पद के लिए पहले दिन 28 पर्चे खरीदे गए। बताते चलें कि 17 अप्रैल नामांकन की अंतिम तिथि है 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 अप्रैल को नाम वापसी का दिन निर्धारित है जबकि 21 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे 4 मई को मतदान होगा तथा 13 मई को मतगणना होगी।




## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कैराना, 11 अप्रैल (बु.)।** अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसके बाद बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे पानीपत रोड स्थित पंजीठ बिजली घर के पास सड़क पर एक बाइक सवार पड़ा मिला। राहगीरों द्वारा डायल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को कैराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के मोबाइल एवं आईडी कार्ड के आधार पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कांधला थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीदौलत निवासी शाहरुख के रूप में की, जिसकी उम्र करीब 25 वर्ष बताई गई है। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी सूचना पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह ने बताया कि मृतक की बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। शव को मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें....

### रास्ते में खराब हुई माफिया अतीक अहमद की गाड़ी

**बहन ने दाखिल की सरेंडर अर्जी, 13 अप्रैल को सुनवाई**

**प्रयागराज, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** अतीक अहमद की गाड़ी रास्ते में खराब हो गई। प्रयागराज पुलिस जिस गाड़ी से अतीक अहमद को ला रही है वो अचानक रास्ते में खराब हो गई। राजस्थान के डूंगरपुर में रूका अतीक का काफिला। पुलिस ने अतीक को कुछ देर के लिए वैन से बाहर निकाला गया। साबरमती जेल से निकलने के बाद अतीक अहमद ने मीडिया से कहा कि मुझे जान से मारने की साजिश हो रही है। उमेश पाल हत्याकांड में साजिश रचने के नामजद माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज पुलिस साबरमती जेल से लेकर रवाना हो गई है। इस दौरान अतीक अहमद ने कहा कि मुझे जान से मारने की साजिश की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि अतीक को प्रयागराज लाकर उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी देगी। इसके बाद अतीक से उमेश पाल हत्याकांड के राज उगलवाए जाएंगे। अशरफ के खिलाफ भी बी वारंट जारी हुआ है। बरेली से प्रयागराज लाने के लिए पुलिस की एक टीम पहुंची है। इस बीच माफिया अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी और भांजी उंजिला ने कोर्ट में सरेंडर की अर्जी डाली है। आयशा नूरी ने सीजेएम कोर्ट में वकील के जरिए सरेंडर अर्जी दी गई। आयशा नूरी और उंजिला की अर्जी पर सीजेएम कोर्ट 13 अप्रैल को अर्जी पर सुनवाई करेगा। माफिया अतीक अहमद को हत्या के मामले में पूछताछ के लिए यूपी के प्रयागराज वापस लाए जाने पर मारे गए उमेश पाल की मां शांति देवी का कहना है कि गहन पूछताछ की जानी चाहिए। अपराधियों को पकड़ा जाना चाहिए।

### 11 मेयर का टिकट काट सकती है भारतीय जनता पार्टी : लखनऊ से अपर्णा यादव भी जेल में

**लखनऊ, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** भाजपा ने टिकट की प्रक्रिया का एक सिस्टम बनाया है। उसके तहत 3 नामों का प्रस्ताव पैनल क्षेत्रीय टीम के जरिए प्रदेश की टीम को भेजेगा। लखनऊ महापौर के पद लिए के लिए पूर्व सीएम स्वर्गीय बाबू बनारसी दास की बहू अलका दास और मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव का नाम प्रमुख दावेदारों में है। यूपी में आज यानी मंगलवार से निकाय चुनाव के पहले फेज का नामांकन शुरू होगा। टिकट के दावेदारों ने लखनऊ से दिल्ली तक दौड़ लगानी शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के घर के बाहर बड़ी संख्या में टिकट दावेदार पहुंच गए। कुछ ऐसा ही हाल सपा और बसपा मुख्यालय का भी रहा। फिलहाल, भाजपा में सबसे ज्यादा टिकट के लिए मारामारी है। पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, भाजपा 14 मेयर प्रत्याशियों में 11 का टिकट कट सकती है। सिर्फ 3 का ही रिपीट होंगे। ऐसे में भाजपा के टिकट के लिए सबसे ज्यादा जद्दोजहद है। भाजपा ने टिकट की प्रक्रिया को व्यापक बनाया है। इसके लिए, निकाय प्रभारियों और संयोजक नियुक्त किए हैं। ये 3 नामों का प्रस्ताव पैनल क्षेत्रीय टीम के जरिए प्रदेश की टीम को भेजेंगे। इसके बाद मेयर का टिकट फाइनल होगा। जबकि पार्षदों के टिकट को प्रदेश की टीम का पैनल ही फाइनल करेगा।

### लखनऊ में स्ट्रैचर पर मरीज लेकर पहुंचे डिप्टी सीएम

**लखनऊ, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** यूपी में कोरोना तेजी बढ़ रहा है। इसे देखते हुए प्रदेश के 75 जिलों में आज साल की पहली मॉक ड्रिल हुई। मंगलवार सुबह लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल के सामने डिप्टी उट ब्रजेश पाठक मौजूद हैं। थोड़ी ही देर में तेज रफ्तार एम्बुलेंस आकर रुकी। ढढए किट पहने वार्ड बॉय मरीज को एम्बुलेंस से उतार कर स्ट्रैचर पर लिटाते हैं। खुद डिप्टी सीएम मरीज को स्ट्रैचर पर लेकर चलते हैं। एसएसबी ब्लॉक के अंदर दाखिल होते ही सबसे पहले ही मरीज का बीपी, ऑक्सीजन लेवल और टेम्परेचर की जांच की गई। आइसोलेशन वार्ड नंबर 311 में पहले से ही 10 वेंटिलेटर युक्त बेड हैं। मरीज को बेड़ से शिफ्ट करते ही एनेस्थेसिया की टीम ने मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट दे दिया। महज 4 मिनट में एंबुलेंस पर लाए मरीज को लाइफ सपोर्ट सिस्टम देने में डॉक्टर कामयाब रहे। करीब आधे घंटे तक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक अस्पताल में रुके। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में लगे ऑक्सीजन प्लांट समेत अन्य सुविधाओं को भी परखा।

### अभिनेता सलमान खान को फिर जान से मारने की धमकी

**मुंबई, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** पुलिस को फोन कर एक्टर सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले को हिरासत में ले लिया गया है। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को बताया कि धमकी देने वाला एक नाबालिग लड़का है, जिसकी उम्र 16 साल है। उसे ठाणे के पास शहापुर से हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच के लिए मुंबई लाया जा रहा है। आरोपी ने अपना नाम रॉकी भाई बताया था। कॉल करने वाले ने कहा कि वो राजस्थान के जोधपुर का रहने वाला है और 30 अप्रैल को सलमान को मार देगा। बता दें कि इससे पहले भी सलमान को धमकाया जा चुका है। इस मामले में जोधपुर के रहने वाले धाकड़राम को गिरफ्तार किया गया था। उसने सलमान के ऑफिशियल मेल पर 3 ई-मेल किए थे। इसमें लिखा था कि सलमान खान अगला नंबर तेरा है, तू जोधपुर आते ही सिद्धू मूसेवाला की तरह मारा जाएगा। इसके अलावा लॉरेंस बिश्नोई ने इंटरव्यू में कहा था कि काला हिरण बिश्नोई समाज में बेहद पूजनीय है, जिसे सलमान खान ने मार गिराया था। यही वजह है कि वो उनसे बदला लेना चाहता है। लॉरेंस बिश्नोई ने इंटरव्यू में कहा था कि काला हिरण बिश्नोई समाज में बेहद पूजनीय है, जिसे सलमान खान ने मार गिराया था। यही वजह है कि वो उनसे बदला लेना चाहता है। करीब 1 महीने पहले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने भी सलमान खान को धमकी दी थी।

### बसपा ने सहारनपुर में खदीजा मसूद को बनाया प्रत्याशी

**सहारनपुर, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी ने सहारनपुर मेयर सीट से इमरान मसूद की भाभी खदीजा मसूद को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। खदीजा मसूद पूर्व विधायक इमरान मसूद की समधन भी है। बसपा नेता पूर्व विधायक इमरान मसूद के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने मेयर पद सीट पर खदीजा मसूद को पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने की जानकारी दी। खदीजा मसूद पूर्व मंत्री रशीद मसूद की पुत्रवधू और शाजान मसूद की पत्नी है। साथ ही वह इमरान मसूद की समधन भी है। शमसुद्दीन राइन ने कहा कि बसपा ने नगर निकाय चुनाव के पहले चरण में पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की शुरूआत सहारनपुर से की है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी बड़ी मजबूती से नगर निकाय चुनाव लड़कर बड़ी जीत हासिल करेगी। तीन माह पहले आरक्षण में सहारनपुर महापौर की सीट महिला होने पर बसपा ने इमरान मसूद की पत्नी साइमा मसूद को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया था। अब महापौर पद पिछड़ा वर्ग का होने पर बसपा ने खदीजा मसूद को पार्टी उम्मीदवार घोषित किया है।

### सचिन पायलट ने किया अनशन खत्म, बोले- मैंने जो मांगें उठाई हैं, उन पर कार्रवाई होगी

**जयपुर, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** सचिन पायलट ने अनशन खत्म कर दिया है। अनशन के बाद सचिन पायलट बोले-सीएम को दो बार मेरे पत्र लिखने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। बतादें कि सचिन पायलट का अनशन सुबह 11 से शाम 4 बजे तक करीब 5 घंटे जयपुर के शहीद स्मारक पर चला। आखिर में अलगझ्अलग धर्मों के प्रतिनिधियों ने पायलट का अनशन तुड़वाया। इससे पहले उन्हें उपरना, दुपट्टा और माला भी पहनाए गए। अनशन में साथ देने के लिए पायलट ने सभी समर्थकों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए हमने पिछली वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार और घोटालों के खिलाफ आंदोलन किया था। 4 साल में कार्रवाई की उम्मीद थी, लेकिन नहीं हुई। लेकिन अब मैं उम्मीद करता हूं, कार्रवाई होगी । पायलट बोले-कर्नाटक में बीजेपी की 40 प्रतिशत की सरकार है। जनता उन्हें चुनाव में बाहर कर देगी। सचिन पायलट कांग्रेस प्रभारी रंधावा के वक्तव्य पर बोले कि रंधावा जी कुछ महीने पहले ही प्रभारी बने हैं। मैंने जब पत्र लिखा तब अजय माकन प्रभारी थे। उन्हें सभी पत्रों की जानकारी दी गई थी। पायलट ने कहा- हमने बीजेपी के करप्शन को हर राज्य में उजागर किया है। ऐसे में उम्मीद है, कि दीमक की तरह खोखला करने वाले करप्शन को हम खत्म करेंगे। पायलट ने कहा - कांग्रेस पार्टी में मुझे 22 साल से जो दायित्व मिला, वह मैंने पूरा किया है। मेरा मुद्दा पब्लिक में है, नया नहीं है। मैंने सीएम को दो बार पत्र लिखा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### सपा चलेगी आरक्षण का दांव, अनारक्षित सीट पर भी उतारेगी दावेदार, ऐसे तैयार होगा सियासी गणित

**लखनऊ, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले हो रहे निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी आरक्षण का दांव चलेगी। वह भाजपा पर आरक्षण की अनदेखी का आरोप लगाते हुए टिकट बंटवारे में सियासी समीकरण साधेगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। पार्टी की रणनीति है कि जिन इलाके में पिछले, अति पिछड़े अथवा अनुसूचित जाति की संख्या अधिक है, वहां इस वर्ग से उम्मीदवार उतारे जाएं। ऐसे में कई अनारक्षित सीटों पर इस वर्ग के उम्मीदवार उतार कर आरक्षण का हितैषी होने का संदेश दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव में आरक्षण की अनदेखी का आरोप लगाया है। पार्टी की टीम ने शासन से जारी सीटों पर आरक्षण का अध्ययन किया। इसमें बताया कि बरेली में जहां अनुसूचित जाति को छह फीसदी आरक्षण दिया गया है वहीं जौनपुर, मैनपुरी, रायबरेली में सिर्फ 11 फीसदी। आपत्ति के बाद भी आरक्षण की व्यवस्था में बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में पार्टी की रणनीति है कि इस मुद्दे को निरंतर गरमाया जाएगा। लोगों को बताया जाएगा कि भाजपा सरकार जानबूझकर संविधान में किए गए प्रावधानों को खत्म कर रही है। इसके लिए तमाम अनारक्षित सीटों पर पार्टी आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। इसके जरिए वह लोगों को समझाएगी कि सरकार ने भले आरक्षण की अनदेखी की है, लेकिन सपा इसका पालन करेगी। यही वजह है कि जिलेवार नगर पालिका, नगर पंचायतों में मतदाताओं की संख्या के बारे में जानकारी मांगी है।

### मेरठ के होटल में पकड़ा देह व्यापार का अड्डा

**मेरठ, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** मेरठ में एक होटल पर छापामारी की गई। छापामारी के दौरान पुलिस ने होटल से पांच महिलाएं और चार व्यक्ति समेत संचालक को गिफ्तार किया। वहीं, पूछताछ के दौरान दो महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। टीपीनगर में वेदव्यासपुरी चौकी के पास यूबी इन होटल में सीओ सदर कैंट पूनम सिरोही ने एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) के साथ छापा मारा। पुलिस को होटल में देह व्यापार चलता मिला। पुलिस टीम ने होटल से दलाल, होटल संचालक सहित चार पुरुष और पांच महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दो महिलाओं का कहना है कि उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। सीओ पूनम सिरोही के अनुसार, वेदव्यासपुरी सेक्टर एक में यह होटल है। एनजीओ मिशन रेस्क्यू ऑपरेशन की टीम करीब तीन महीने से यहां रेकी कर रही थी। सूचना मिली थी कि होटल में देह व्यापार कराया जा रहा है। मंगलवार को एनजीओ टीम के चीफ ऑफिसर राजेंद्र सिंह ने एएचटीयू प्रभारी महावीर सिंह को फिर से जानकारी दी। इसके बाद एक टीम का गठन कर होटल पर छापा मारा गया। इससे आसपास के होटल संचालकों में भी हड़कंप मच गया। सीओ ने बताया कि होटल में जांच से पता चला कि काफी समय से देह व्यापार चल रहा है। टीम ने महिलाओं के अलावा दलाल इरफान, राजीव, शिवम और रितिक को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आसपास के होटलों में भी ऐसी गतिविधियों की सूचनाएं मिली हैं। इसलिए अन्य जगहों पर भी जांच कराई जाएगी। करीब दो साल पहले भी यह होटल चर्चा में आया था।

### शेष : एमडीए के पांच जेई डीएम ने लगाए ...

फिर उनकी मिली भगत से हाइवे पर इस तरह के लगभग 150 से अधिक होटल खड़े हो चुके हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने शिकंजा सकते हुए नई मंडी कोतवाली इलाके में तैनात अवर अभियंता हितेश गुप्ता, राजीव त्यागी, सिविल लाइन में तैनात अवनीश गर्ग, विनय गर्ग, कोतवाली के राजीव कोहली को हटा दिया है। हितेश गुप्ता को निर्माण और अवस्थापना का काम दिया गया है। अवनीश गर्ग को खतौली और शुक्रताल में निर्माण और अवस्थापना का काम दिया गया है। विनय गर्ग और राजीव त्यागी को मानचित्र की जिम्मेदारी दी गई है। राजीव कोहली को खतौली भेजा गया है। नई मंडी और सिविल लाइन क्षेत्र पर एमडीए की खास मेहरबानी को तोड़ते हुए डीएम ने शहर के तीनों थाना क्षेत्रों में दो-दो अवर अभियंताओं की व्यवस्था को बदल दिया है। इस मामले को लेकर अंदरूनी जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। डीएम के आदेश के बाद अब शहर में अवैध निर्माण पर कार्रवाई का कार्य अवर अभियंता जयकरण सिंह को सौंपा गया है। डीएम के इन आदेशों को लेकर विकास प्राधिकरण में लंबे समय से मलाईदार इलाकों को चाट रहे अवर अभियंताओं की सैटिंग बिगड़ गई है। अब उन्हें दूसरे इलाकों में जानकर नए सिरे से सैटिंग करनी होगी। इसके चलते शुरूआत में वहां कुछ कार्रवाई हों तो आश्चर्य नहीं होगा।

# गांधी कॉलोनी में खतरे की मीनार बने बिजली के खंभे

मुजफ्फरनगर। बिजली विभाग किस तरह काम करता है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछली आंधी में श्री श्री गोलोक धाम में गिरा पोल अभी तक उठाया तक नहीं गया है। इसके अलावा गांधी कॉलोनी की गली नंबर 12 में 11 हजार की लाइन के दो विशाल खंभे नीचे से गलने के बाद खतरे की मीनार बने खड़े हैं। पिछले माह अचानक आई आंधी में श्री श्री गोलोक धाम में खड़ा पोल गिर गया था। नीचे से गला हुआ यह पोल अभी तक भी गोलोकधाम के मैदान में पड़ा है। इससे आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पोल फिर से लगने के भी कोई आसार अभी तक नजर नहीं आ रहे हैं। बिजली विभाग की कार्य प्रणाली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां गली नंबर बारह में दो पोल नीचे से गलने के बाद लगभग हवा में हैं। 11 हजार की लाइन के इन खंभों के नीचे से गल जाने की शिकायत के बाद विभाग के कर्मचारियों ने इतना तो किया है कि गले खंभों को नीचे से वेल्ड कर वहां हल्के से एंगिल तो लगा दिए गए हैं, लेकिन समझ नहीं आता की हल्के एंगिल पर यह बड़े पोल कब तक टिके रहेंगे? स्थानीय




निवासियों का कहना है कि यह पोल खतरे की मीनार बने खड़े हैं। ऐसे में यहां के निवासी लगातार इन्हें बदलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है।

### दो दिन अदालतों में काम नहीं करेंगे वकील

**मुजफ्फरनगर।** कानपुर बार एसोसिएशन के न्यायिक कार्य बहिष्कार का समर्थन करते हुए जिले के अधिवक्ता दो दिन न्यायालयों में काम नहीं करेंगे। इसके चलते 12 और 13 अप्रैल को नावर्क का प्रस्ताव जिला बार ऐसासिएशन ने पास किया है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने कानपुर बार एसोसिएशन और पीठासीन अधिकारी के बीच उठे विवाद को लेकर कानपुर बार एसोसिएशन के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को समर्थन दिया। बार काउंसिल तथ दि लायर्स ऐसोसिएशन कानपुर के अनुरोध पर जिला बार ऐसोसिएशन ने भी 12 और 13 अप्रैल को न्यायिक कार्यों से पूरी तरह विरत रहने का फैसला किया है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल जिंदल तथा महासचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि अधिवक्ता गण की अनुपस्थिति के कारण न्यायिक या पीठासीन अधिकारी से किसी केस में विपरीत आदेश ना पारित करने का अनुरोध किया गया है। याद रहे की गत दिवस बुढ़ाना में अधिवक्ता दंपति की हादसे में मौत और आज वरिष्ठ अधिवक्ता साधु सिंह पुंडीर के निधन के कारण नो वर्क रहा। अब शुक्रवार को काम होगा। इसके बाद शनिवार व रविवार को फिर से काम बंद रहेगा।


नामांकन पत्र खरीदते प्रत्याशी व कचहरी में बैरिकेटिंग का नजारा।



### लियाकत मुजफ्फरनगर और राजकुमार मेरठ व सहारनपुर के सह प्रभारी

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** समाजवादी पार्टी में चल रही ताबड़तोड़ नियुक्तियों में हाजी लियाकत अली को मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट का सह प्रभारी मनोनीत किय गया है। पूर्व दर्जाराज्य मंत्री राजकुमार यादव को मेरठ और सहारनपुर लोकसभा का सह प्रभारी बनाया गया है। सलिल सिंह उर्फ टीटू को बलरामपुर और बस्ती का सह प्रभारी बनाया गया है। समाजवादी पार्टी रालोद के साथ गठबंधन को लेकर गंभीर है और निकाय चुनाव व लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियों में जुटी हुई है।

### देश की पहली रीजनल रैपिड रेल का नाम अब होगा 'रैपिड एक्स'

गाजियाबाद। देश की पहली रीजनल रैपिड रेल का नाम बदलकर 'रैपिड एक्स' कर दिया गया है। माना जा रहा है कि यह नेक्स्ट जेनरेशन वर्ड है और इसे पढ़ने व विभिन्न भाषाओं में उच्चारण करने में आसानी होगी। गति और प्रगति को दशार्ने के अलावा नाम में 'एक्स' अगली पीढ़ी को दशार्ता है।

### 'तुम भाग सकते हो लेकिन कानून से छिप नहीं सकते', पंजाब पुलिस

चंडीगढ़ 18 मार्च से फरार चल रहा खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। उसके खास साथी पपलप्रीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अमृतपाल को सख्त शब्दों में संदेश दिया है कि तुम भाग सकते हो लेकिन कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते।

### एक दिन में कोरोना के 5,676 मामले, सक्रिय मरीज 37 हजार पार

नई दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में बीते 24 घंटों के दौरान कोविड-19 संक्रमण के 5676 नए केस सामने आए हैं, जबकि सोमवार को यह संख्या 5,880 थी। साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 37 हजार के पार पहुंच गई है।

# यूपी में 1.50 लाख सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में होगा निकाय चुनाव

**लखनऊ, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** यूपी पुलिस ने नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है। करीब डेढ़ लाख सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में निष्पक्ष और शांति पूर्वक तरीके से चुनाव संपन्न कराए जायेंगे। यह बातें मंगलवार को पुलिस महानिदेशक लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने नगर निकाय चुनाव को लेकर जिलों में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम की जानकारी लेने के बाद कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सीमाओं पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जाएगी। वहीं प्रदेश भर में अवैध शराब और हथियार निर्माण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया




जाएगा। साथ ही पुलिस-प्रशासन की टीम नियमानुसार, निर्वाचन क्षेत्रों में लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने का काम करेगी। पुलिस मुख्यालय पर चुनाव से जुड़ी हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए चुनाव सेल का गठन किया गया है। जहां से सभी जिलों में चुनाव से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी रोजना साझा की जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर निगरानी भी रखी जाएगी। चुनाव को लेकर संप्रदायिक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। प्रदेश में प्रथम चरण में चार मई को नौ मंडल के 37 जिलों में और 11 मई को दूसरे चरण में नौ मंडल के 38 जनपदों में मतदान होगा। इसके लिए 13757 मतदान केंद्र पर बने 43263 मतदेय स्थल पर 43228379 मतदाता अपने वोट डालेंगे। मतदान स्थल पर कोई गड़बड़ी न कर सके, इसके लिए पुलिस-प्रशासन के साथ खुफिया की नजर रहेगी। साथ ही पिछले चुनावों या अन्य मौके पर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**सुरक्षा में यह बल रहेंगे तैनात**

110 कंपनी पीएसी
49152 होमगार्ड
16300 हजार दरोगा ( पुरुष-महिला)
92000 सिपाही ( पुरुष-महिला)
70 कंपनी केंद्रीय बलों की मांग की गई है।

# नो ड्यूज बनाने को हंगामा, डीएम से शिकायत

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** जनपद में नगर निकाय चुनाव की शुरू नामांकन प्रक्रिया के बीच मंगलवार को पालिका में नो ड्यूज बनवाने के लिए पहुंचे लोगों को अव्यवस्थाओं का इस बीच सामना करना पड़ा। ऐसे में नामांकन प्रक्रिया की अहम कड़ी के रूप में नो ड्यूज की जरुरत को लेकर पहुंचे लोगों ने व्यवस्था बिगड़ने पर नगरपालिका में हंगामा कर दिया। इस बीच पालिका में टैक्स खिडकी पर हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स आदि जमा कराने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। वहीं धनराशि को लेकर हिसाब बिगड़ने पर हाउस टैक्स की रसीद कटनी बंद कर दी गई। ऐसे में वहां लाइन में खड़े गुस्साएं लोगों ने हंगामा करते हुए इस मामले की अधिकारियों से शिकायत की। लोगों की शिकायत पर इस बीच डीएम ने फोन पर ईओ के प्रति कड़ी नाराजगी जतायी। उधर, पालिका ईओ हेमराज सिंह ने तत्काल प्रभाव से टीएस और कर निरीक्षकों को अपने दफ्तर में तलब करते हुए नो ड्यूज की व्यवस्था को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को नगर निकाय चुनाव की बजी रणभेरी के बीच इस चुनावी समर में किस्मत को आजमाने का ख्वाब देखने वाले उम्मीदवार चुनाव लड़ने के लिए सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार को जिले में होने वाले पहले चरण में लगे एक कर्मचारी द्वारा टैक्स धनराशि जमा करते हुए रसीद काटी जा रही थी। कुछ देर के बाद टैक्स की धनराशि को लेकर हिसाब बिगड़ गया। यह देख कर्मचारी ने रसीद काटनी बंद कर दी। नो ड्यूज न बनने पर गुस्साएं लोगों ने हंगामा कर दिया। कुछ गुस्साएं लोगों ने पूरे मामले की सूचना डीएम को दी। डीएम ने व्यवस्था बिगड़ने पर ईओ के प्रति नाराजगी प्रकट की। इसके बाद ईओ हेमराज सिंह ने टीएस और तीनों कर निरीक्षकों को अपने कार्यालय में तलब किया। उन्होंने तत्काल प्रभाव से व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। नगर पालिका में 80 से अधिक लोगों के नो ड्यूज बनाए गए है। के नामांकन का पहला दिन था। ऐसे में पालिका में नामांकन भरने से पूर्व उम्मीदवारों की नो ड्यूज के लिए नगर पालिका परिषद का रुख किया और देखते ही देखते टैक्स जमा करने वाले काउंटरों पर भीड़ लग गई। नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के लोगों के अलावा पूर्व में सभासद रह चुके लोग भी इस बीच पालिका में अपना नो ड्यूज बनवाने के लिए पहुंचे। अधिकांश लोग नो ड्यूज बनाने के लिए हाउस टैक्स आदि बिल जमा कराने को लाइन में खड़े हो गए। इस दौरान टैक्स जमा करने



### मुठभेड़ में बदमाश लंगड़ा

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। देर रात ककरौली पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली से लंगड़ा हो गया। पुलिस ने घायल सहित दो बदमाशों को तमंचो कारतूसों व एक बाइक सहित गिरफ्तार किया है। घायल बदमाश को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ककरौली पुलिस ने जौली रोड पर बाइक सवार दो बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, तो वह पुलिस पर गोली चलाकर भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो तमंचे, कारतूस व एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि घायल बदमाश साफराज निवासी खालापार व उसका साथी सलीम निवासी खालापार हैं। दोनों शातिर वाहन चोर हैं।**

# हिम्मत और लगन हो तो कोई काम असम्भव नहीं: प्रकाशी तोमर

**▸ शूटर दादी प्रकाशी तोमर ने एस.डी. स्पोर्ट्स एकेडमी में शूटिंग रेंज का किया शुभारम्भ**
**▸ नये खिलाड़ियों को दिये टिप्स और हुनर, जितनी मेहनत करोगे, उतनी मिलेगी कामयाबी**

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग में अपनी पहचान रखने वाली जोहड़ी गांव की शूटर दादी के रूप में मशहूर प्रकाशी तोमर ने आज एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की स्पोर्ट्स एकेडमी में शूटिंग रेंज का शुभारम्भ किया। नये खिलाड़ियों को टिप्स देते हुए प्रकाशी तोमर ने कहा कि यदि हिम्मत और लगन हो, तो जीवन के किसी भी पड़ाव में कोई काम असम्भव नहीं है। मुजफ्फरनगर जिले की प्रथम स्पोर्ट्स एकेडमी (एस.डी. स्पोर्ट्स एकेडमी) में शूटर दादी तथा रिवॉल्वर दादी के नाम से प्रसिद्ध प्रकाशी तोमर का स्वागत किया गया, जिसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं को शूटिंग सीखने के गुण एवं कला से अवगत कराते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। शूटर दादी प्रकाशी तोमर शूटिंग रेंज को देखकर बहुत प्रसन्न हुई और कहा कि यह उत्तर प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ शूटिंग रेंज है, जहां राष्ट्रीय स्तर के शूटिंग कोच उपलब्ध हैं, जो स्वचलित सीयूस इलैक्ट्रोनिक टारगेट मशीन व विश्वस्तरीय पिस्टल एवं गन से छात्रों को कोचिंग देंगें। उन्होंने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि शूटिंग एक ऐसा खेल है, जिसमें सर्तकता और एकाग्रता की बेहद जरूरत होती है, जिसमें निशानेबाज को मानसिक तौर पर एक दम तंदुरूस्त और चैकन्ना रहना पड़ता है। भारत और शूटिंग का नाता बेहद खास रहा है और ओलंपिक गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निखर कर आया है। उन्होंने छात्रों को शूटिंग के दौरान प्रयोग होने वाली राइफल, पिस्टल एवं शॉटगन के विषय में भी समझाया तथा स्पोर्ट्स एकेडमी (एस.डी. स्पोर्ट्स एकेडमी) के अध्यक्ष अनुभव कुमार एवं निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा की सराहना की। स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि स्पोर्ट्स एकेडमी (एस.डी. स्पोर्ट्स एकेडमी) में शूटिंग, तीरंदाजी, टेबल टेनिस, कराटे, स्केटिंग, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, लॉन टेनिस तथा योगा की कोचिंग उपलब्ध है, जिसकी कक्षाएं जानसठ रोड़ स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी कैम्पस में सांय 4 से सांय 7 बजे तक चलती है। एकेडमी में छात्रों के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सरीखी मूलभूत सुख-सुविधाएं तथा कोच उपलब्ध हैं। शूटिंग एकेडमी के कोच गौरव मलिक नेशनल शूटिंग विनर रहे हैं, सहदीप मलिक इण्डियन पुलिस गेम्स के मेडलिस्ट है, बेडमिंटन कोच निखिल भारद्वाज राष्ट्रीय खिलाडी है, क्रिकेट कोच रोहन त्यागी अण्डर-19 के खिलाड़ी रहे है, कराटे कोच राजेश कौशिक अन्तर्राष्ट्रीय कराटे खिलाडी रहे है, योगा कोच कु. सोनम, तिरंदाजी कोच अर्जुन, टेबल टेनिस कोच मानव त्यागी प्रदेश स्तरीय खिलाडी रहे है, वॉलीबॉल कोच सुमित कुमार सीआरपीएफ से सात बार पुलिस गेम्स से विनर रहे हैं। इस अवसर पर एस.डी.सी.ई.टी. के निदेशक-प्राचार्य प्रो. प्रवीण पाण्डेय, अधिशासी निदेशक प्रो. एस.एन. चैहान, प्रो. योगेश शर्मा, प्रो. अभिषेक राय, डॉ. नवीन द्विवेदी, अमित गुप्ता, डॉ. नितिन गुप्ता, पारूल गुप्ता, मनोज गुप्ता, मृदुल शर्मा, अतुल कुमार, राजेन्द्र कुमार, मुरसलीन रहमान, मनोज कुमार, छवि बालियान, पीटीआई, शिल्की सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

### शूटिंग में बेहतरीन करियर के अवसर : दादी प्रकाशी




**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** शूटिंग दादी प्रकाशी तोमर ने कहा कि बच्चे मेहनत करेंगे, तो एक दिन जरूर कामयाब होंगे, जिससे उनके माता-पिता के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन होगा। उन्होंने कहा कि यह तो रेंज बहुत अच्छी है, मुझे बहुत पसंद आई है और जिस रेंज में मैंने शूटिंग की है, वह टाइम कुछ ओर था। छप्पर में शूटिंग बनी हुई थी, उसमें रहकर मैंने शूटिंग की थी। शूटिंग में बच्चे जल्दी ही निखरेंगे। नये खिलाड़ियों को मैं यही कहना चाहूंगी कि जितनी मेहनत करेंगे, उतनी ही सफलता मिलेगी। मेहनत बच्चे की होगी और सहायता भगवान करेंगे। मेरी भी पहचान शूटिंग से ही बनी। वो गृहणी होने के साथ घासफूस का काम भी करती थी। 60 साल की उम्र के बाद शूटिंग की अलख जगी और आगे बढ़ती चली गई। शूटिंग में मैंने अपनी दो बेटियों को भी आगे बढ़ाया है। बड़ी बेटी सीमा तोमर आर्मी में है, जबकि दूसरी बेटी पंजाब पुलिस में इंस्पेक्टर है। इस पर मुझे गर्व है। लेडीज हो या जेंट्स हो किसी भी उम्र में कोई काम करने की ठान ले तो, कुछ भी मुश्किल नहीं है।

# हैंडपंप रालोद प्रत्याशियों के लिए किया जाए आरक्षित

**▸ जयंत चौधरी ने राज्य निर्वाचन आयोग से की अपील**

**मेरठ, 11 अप्रैल(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के बीच राष्ट्रीय लोकदल से राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा छिन गया है। ऐसे में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने निर्वाचन आयोग से पार्टी के चुनाव चिन्ह हैंडपंप को केवल आरएलडी के लिए रिजर्व रखने की अपील की है। जयंत चौधरी ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर गुहार लगाई है कि हैंडपंप जो उनकी पार्टी का पुराना चुनाव चिन्ह है उसे केवल रालोद प्रत्याशियों के लिए ही रिजर्व कर दिया जाए। बता दें कि सोमवार को ही निर्वाचन आयोग ने आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया। वहीं वेस्ट यूपी में किसानों की बड़ी पार्टी कही जाने वाली रालोद से राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा छीन लिया है। जयंत ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र में लिखा कि यूपी में नगरीय निकाय चुनाव होने जा रहे हैं। इसको देखते हुए रालोद के चुनाव चिन्ह हैंडपं को केवल रालोद प्रत्याशियों के लिए सभी सीटों पर रिजर्व करने की कृपा करें। यूपी में निकाय चुनाव की अधिसूचना लागू हो चुकी है। ऐसे में रालोद से ऐन टाइम पर राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा छिनने और चुनाव



चिन्ह फ्रीज होने का बड़ा असर पड़ेगा। निकाय चुनाव से पहले ये रालोद को बड़ा झटका है। अब तक हैंडपंप केवल रालोद का ही चुनाव चिन्ह रहा है। लेकिन दर्जा छिनने के बाद यह चुनाव चिन्ह अब रिजर्व नहीं रह गया। आयोग अन्य दलों को भी ये चिन्ह आबंटित कर सकता है। इसका खामियाजा रालोद को यूपी निकाय चुनाव में उठाना पड़ेगा। राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा छिनने से रालोद को गहरा नुकसान होगा। अगर चुनाव आयोग ने जयंत चौधरी की चुनाव निशान को केवल रालोद के लिए रिजर्व रखने की अपील को खारिज कर दिया तो ईवीएम और बैलेट पेपर में रालोद प्रत्याशी का नाम अल्फाबेट के अनुसार नीचे चला जाएगा। ईवीएम में शीर्ष पर राष्ट्रीय स्तर की पार्टियों के प्रत्याशियों के होता है। राष्ट्रीय स्तरीय पार्टी के बाद राज्य स्तरीय पार्टी को स्थान मिलता है। राज्य के बाद अन्य पंजीकृत दलों के प्रत्याशियों के नाम अल्फाबेट के अनुसार रखे जाते हैं। ऐसे में रालोद के प्रत्याशियों के नाम बैलेट पेपर और ईवीएम में नीचे चले जाएंगे। वहीं, हैंडपंप निशान अन्य प्रत्याशियों को भी आबंटित हो सकता है। इसका खामियाजा रालोद को उठाना पड़ेगा।

### भाजपा से नहीं बनी बात, अब सुभासपा अपने दम पर लड़ेगी चुनाव

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में भाजपा से हाथ मिलाने के प्रयास में जुटे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अब अपने दम पर नगर निकाय चुनाव में उतरने का फैसला किया है। हालांकि वह निकाय चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी तो अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। इसके लिए राजभर ने पार्टी के पदाधिकारियों को चुनाव की तैयारी करने का फरमान भी सुना दिया है। दरअसल सपा से गठबंधन टूटने के बाद से ही राजभर और भाजपा के खराब संबंधों के सुधरने शुरू हो गए थे। मौके-मौके पर दोनों तरफ से इसके संकेत भी दिए गए। बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हुए नोंकझोक के दौरान राजभर जिस तरह से सरकार के पक्ष में खड़े दिखे और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की घेरेबंदी की, उससे भी भाजपा और सुभासपा के बीच सियासी खिचड़ी पकने के संकेत मिल रहे थे।

### प्लॉट को लेकर चले आ रहे विवाद में युवक को गोली मारी

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** कस्बा छपार में बीती देर रात एक युवक को घर में घुसकर गोली मार दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे रैफर कर दिया गया। इस सम्बन्ध में चार लोगों के विरुद्ध पुलिस को नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच एक प्लॉट को लेकर विवाद चला आ रहा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा छपार निवासी जाहिद पुत्र फैजल पक्ष ने कुछ दिनों पहले एक प्लॉट खरीदा था। पड़ौस का ही दूसरा पक्ष उक्त प्लॉट को अपना बताता है। जाहिद का आरोप है कि देर रात दूसरे पक्ष के चार लोग दीवार फांदकर उसके घर में घुस आए और उसकी हत्या करने के इरादे से उसे गोली मार दी। फायर की आवाज पर अन्य परिजन उस ओर दौड़ पड़े, जिस पर हमलावर दीवार फांदकर मौके से फरार हो गए। एसएचओ छपार ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध तहरीर आई है। पुलिस तहरीर के आधार पर कार्यवाही कर रही है।

### सहारनपुर बस स्टैंड पर पड़ा मिला वृद्ध का शव

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** मंगलवार को सहारनपुर बस स्टेंड पर एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा मिला। कुछ लोगों ने वृद्ध को वहां से उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास कर रही है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को रुड़की रोड स्थित सहारनपुर बस स्टैंड पर कुछ लोगों ने एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़े देखा और उसे वहां से उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशसन ने शव को मुर्दाघर में रखवाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कच्ची सड़क चौकी प्रभारी ललित कसाना पुलिस टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किये, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक किसी अच्छे घर से है, उसकी पहचान कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### तितावी पुलिस ने भारी मात्रा में गांजे सहित दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** तितावी पुलिस ने नशीले पदार्थों के एक तस्कर को भारी मात्रा में गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि तितावी पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु गश्त पर थी। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मुकंदपुर रोड पर स्थित बिजलीघर के पास नशीले पदार्थों का एक तस्कर मौजूद है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बताए गए व्यक्ति को दबोच लिया। उसके पास मौजूद थैली की तलाशी लेने पर उसमें से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि बरामद गांजे का वजन दो किलो 200 ग्राम है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी गांव हैदरनगर निवासी गौरव पुत्र रूप सिंह है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### दो सगी बहनों का अपहरण, दो नामजद

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के एक गांव से वाल्मीकी समाज की दो सगी बहनों का अपहरण कर लिया गया। अपहृत युवतियों के पिता ने दो युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। तितावी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय व 14 वर्षीया पुत्रियां संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। पुत्रियों की तलाश में की गई भागदौड़ के दौरान पता चला कि बुडीनाकलां निवासी सुभाष व सरनावली ( फुगाना ) निवासी रवि उसकी पुत्रियों का अपहरण कर ले गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मुठभेड़ में दबोचे दो बदमाश, तमंचे कारतूस व बाइक बरामद

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को मंसूरपुर पुलिस ने कथित मुठभेड़ के बाद तमंचो, कारतूसों व एक बाइक के साथ दबोच लिया। इसके अलावा मंसूरपुर पुलिस ने एक अन्य युवक को भी तमंचा और कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंसूरपुर पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु रात्रि गश्त पर थी, तभी पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक क्षेत्र में फायरिंग कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस उक्त युवकों की तलाश में जुट गई चीनी मिल फ्लाईओवर के पास पुलिस को बाइक सवार दोनों युवक दिखाई दिए। पुलिस को देखकर उक्त युवक पुलिस पर फायरिंग करते हुए मौके से भागने लगे। मुनव्वरपुर तिराहे के पास उनकी बाइक स्लिप हो गई। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से दो तमंचे, कारतूस व एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। इसके अलावा मंसूरपुर पुलिस ने शाहनूर कट के पास से एक युवक को तमंचा व कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी हुसैनपुर निवासी निखिल पुत्र संदीप है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### दो विवाहिताओं की हत्या का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** अलग-अलग मामलों में दहेज लोभी ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर दो विवाहिताओं की हत्या का प्रयास किया। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने दोनों विवाहिताओं को मारपीट कर घर से निकाल दिया। दोनों मामलों की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है।महिला थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में चरथावल थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर निवासी प्रियंका पुत्री धर्मपाल ने बताया कि उसकी शादी सहारनपुर जनपद के बेहट थाना क्षेत्र के गांव सड़ौली कदीम निवासी अनुज कुमार के साथ हुई थी। शादी के समय बताया गया था कि अनुज कॉलेज में नौकरी करता है। शादी के बाद पता चला कि वह बेरोजगार है। आरोप है कि दहेज में 10 लाख रुपयों की मांग की जार रही थी, जिसके लिये उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। उसकी हत्या का भी प्रयास किया गया और मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पति सहित 4 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में महिला थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में खतौली के गांव टिटौड़ा निवासी पूनम ने बताया कि उसकी शादी गांव लिसौड़ा निवासी संदीप के साथ हुई थी। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया और उसका मुंह पानी से भरी बाल्टी में डालकर उसे मारने का भी प्रयास किया गया। आररोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने पुलिस से कार्यवाही व अपने दहेज का सामान वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### हत्या के दो आरोपियों को 5-5 साल की कैद व जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** गैंगस्टर अदालत ने हत्या के दो आरोपियों को 5-5 वर्ष कैद व जुमार्ने की सजा सुनाई है। 12 मार्च 2010 भोपा निवासी सुशीला उसका पति राजकरण, बहू इंद्रेश करीब सुबह आठ बजे के लगभग खेत पर काम कर रहे थे। इसी समय गांव के ही बाला, नीरज, धीरज, कुसुम, मोहित व विक्रम खेत पर पहुंचे और सुशीला के बेटे को धमकी देते हुए जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में सुशीला के पति की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना की तहरीर सुशीला ने थाना भोपा में दी, पुलिस ने इस घटना में शामिल ऋषिपाल व सहनसरपाल पुत्रगण गिरवर, बाला पत्नी ऋषिपाल, धीरज व नीरज पुत्रगण ऋषिपाल, रोहित व मोहित पुत्रगण सहनसरपाल निवासीगण भोपा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष थाना भोपा संजय वर्मा ने इन अभियुक्तों के विरुद्ध हत्या के वाद में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित कर गैंगेस्टर एक्ट में भी चालान किया था। गैंगस्टर एक्ट के वाद की विवेचना थानाध्यक्ष थाना रामराज रामप्रकाश ने कर सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मफरूरी में आरोप पत्र प्रेषित किया। दौरान विचारण बाला की मृत्यु हो चुकी है, धीरज और नीरज पूर्व से ही बदस्तूर फरार हैं। अभियोजन ने दौरान विचारण सभी साक्षी कोर्ट में प्रस्तुत किये। पत्रांवली प्रथक कर आज गैंगस्टर जज अशोक कुमार ने आरोपी रोहित व सहनसरपाल को पाँच -पाँच साल के करावास और पाँच-पाँच हजार रुपए जुमार्ने से दंडित किया। मोहित के गैर जमानती वारंट जारी किये गये, जिस कारण ऋषिपाल और मोहित पर फैसला नहीं हो पाया। इन सभी अभियुक्तों पर हत्या का वाद फास्ट ट्रेक कोर्ट में अभी विचाराधीन हैं। मुकदमें की पैरवी संदीप सिंह वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी, व विशेष लोक अभियोजक दिनेश सिंह पुंडीर व राजेश शर्मा ने की।

### चोरी व धमकी देने के आरोपी को दो साल कैद व जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** 5 जून को पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी बिल्लू ने साईकिल चोरी की सूचना पुलिस को दी। अगले दिन सुहेल गाँव निवासी कर्मजीत ने चानचक निवासी गुरुमेज उर्फ पप्पू पुत्र गुरुदयाल के विरुद्ध जान से मारने की धमकी देने का अभियोग थाने पर लिखाया। पुलिस ने गुरमेज व इसके भाई गुरुलाल के विरुद्ध कारवाही कर थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तेवतिया ने गेंगेस्टर कोर्ट में चालान किया। सुनवाई उपरांत गेंगेस्टर जज अशोक कुमार ने पत्रावली प्रथक कर गुरुमेज को दो साल की सजा और पाँच हजार रुपये से दंडित किया। गुरुदयाल के विरुद्ध विचारण जारी है, जबकि चोरी, धमकी के वाद दोष मुक्त हो चुके हैं।

### चोरी की स्कूटी सहित दबोचा

**मुजफ्फरनगर।** रामपुरी निवासी मनोज कुमार ने शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया था कि वह एक मरीज को देखने जिला अस्पताल गया था, जहां से आत बदमाश उसकी स्कूटी चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर भागदौड़ करते हुए जाट कालोनी निवासी रंजीत सिंह को चोरी की गई स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

GOLDEN PUBLIC SCHOOL
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE New Delhi
"A GREAT PLACE FOR YOUR CHILD"
ADMISSIONS OPEN
FOR CLASSES PLAYWAY TO IX & XI (SCIENCE ● COMMERCE ● HUMANITIES)




Provisional Admission to Class XI (Sc., Comm., Hum.) Open
REASONS TO CHOOSE US
- Safe, Lush Green & Pollution Free Environment
- Well Developed Infrastructure
- Well Qualified and Passionate Teachers
- Holistic Development of Your Child
- Teaching with Advanced Audio Visual Methods
- Focus on Effective Communication Skills
- Art Integrated Learning
- English Speaking Ambience
- 24x7 CCTV Surveillance
- 100% Board Result
- Indoor and Outdoor Games
- Transport Available on All Routes

• NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAYWAY TO VI
• SIBLING DISCOUNT
Registration forms are available for admission on all working days between 9:30 AM to 2:00 PM
Website : www.gpsmzn.com
Talk with us : 0131-2413427, 9457040006, 9997589620
E-mail : golden.publicmzn@gmail.com
Facebook.com/goldenpublicschoolmuzaffarnagar